राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964

वर्ष-60 › अंक -41 रायपुर शनिवार 03 फरवरी 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25



प्रधानमंत्री 3-4 फरवरी को ओडिशा और असम का दौरा करेंगे



हरियाणा के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

### प्रधानमंत्री 3 फरवरी को सीएलईए-कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस 2024 का उद्घाटन करेंगे

**एजेंसी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 3 फ रवरी, 2024 को लगभग 10 बजे विज्ञान भवन में कॉमनवेल्थ लीगल एजुकेशन एसोसिएशन (सीएलईए) - कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस (सीएएसजीसी) 2024 का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित जनों को भी संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन का विषय है- न्याय वितरण में सीमा-पार चुनौतिया । इस सम्मेलन में कानून और न्याय से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे न्यायिक परिवर्तन और कानूनी कार्य प्रणाली के नैतिक आयाम, कार्यकारी जवाबदेही और अन्य बातों के अलावा आधुनिक कानूनी शिक्षा पर पुनः ध्यान देने के बारे में विचार-विमर्श किया जाएगा।

### राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा : संसद के दोनों सदनों में कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के बयान पर हंगामा

# देश की संप्रभुता को चुनौती बर्दाश्त नहीं : भाजपा





**एजेंसी।** संसद के दोनों सदनों में शुक्रवार को कांग्रेस के लोकसभा सदस्य डीके सुरेश के उस बयान को लेकर हंगामा हुआ जिसमें उन्होंने दक्षिण भारत को अलग देश बनाने की बात कही थी। राज्यसभा में नेता सदन व केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस मामले को उठाते हुए कहा कि कांग्रेस को ऐसे विभाजनकारी बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।

जवाब में पहले तो नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दूसरे सदन का विषय बताकर इससे बचने की कोशिश की, लेकिन बाद में उन्होंने कहा, 'कोई भी देश को तोड़ने की बात करेगा तो हम कभी इसको सहन नहीं करेंगे। चाहे वह किसी भी पार्टी का हो। मैं खुद कहूंगा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक हम एक हैं और एक रहेंगे।'

**मामले को लोकसभा की विशेषाधिकार समिति देख सकती है** - उन्होंने कहा कि सुरेश का मामला लोकसभा की विशेषाधिकार समिति देख सकती है। डीके सुरेश कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के छोटे भाई हैं। कांग्रेस सांसद के बयान को लेकर राज्यसभा में जिस वक्त हंगामा हो रहा था, उसी समय लोकसभा में भी संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इस मुद्दे को उठाया और कहा कि कांग्रेस को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। संविधान के तहत शपथ लेने के बाद भी उनके सांसद ने दक्षिण भारत के लिए एक अलग देश की मांग की है। जो भारत की अखंडता पर चोट है। वह सोनिया गांधी से मांग करते हैं कि वह माफी मांगे।

**डीके सुरेश को एक मिनट भी सांसद रहने का अधिकार नहीं- भाजपा** - कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के बयान का भाजपा ने तीखा प्रतिकार किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने साफकर दिया कि इस बयान के बाद डीके सुरेश को एक मिनट के लिए भी सांसद रहने का अधिकार नहीं है। डीके सुरेश के इस बयान की निंदा नहीं करने और उनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं करने को लेकर उन्होंने कांग्रेस और उसके नेताओं सोनिया गांधी व राहुल गांधी को भी आड़े हाथों लिया।

#### दक्षिण के सभी राज्य भारत के अभिन्न अंग

पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने संविधान के प्रविधानों का हवाला देते हुए बताया कि कर्नाटक समेत दक्षिण के सभी राज्य भारत के अभिन्न अंग हैं और इसे अलग करने की बात करना सीधे-सीधे संविधान के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि सांसद को चुनाव के लिए नामांकन भरने से लेकर संसद की सदस्यता के शपथ ग्रहण तक देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने की शपथ लेनी पड़ती है। डीके सुरेश ने इन सभी का उल्लंघन किया है।



### गुजरात सरकार ने पेश किया 3.32 लाख करोड़ रुपये का बजट, नहीं लगेगा कोई भी नया टैक्स

**एजेंसी।** गुजरात की भाजपा सरकार ने शुक्रवार को राज्य के विकास के लिए 3.32 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। खास बात ये है कि राज्य सरकार ने बजट में किसी भी तरह के नए टैक्स लगाने का प्रस्ताव नहीं किया है। राज्य के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई ने ने अपने बजट संबोधन में कई योजनाओं और परियोजनाओं की घोषणा की। उन्होंने बताया है कि राज्य सरकार ने बजट तैयार करते समय मूल में ज्ञान यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को रखा है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश करते हुए देसाई ने सदन को बताया कि 3,32,465 करोड़ रुपये का बजट पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 10.44 प्रतिशत अधिक है।

'मोदी-मोदी' के लगे नारे तो मुस्कुरा उठे नरेंद्र मोदी

# मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में विकसित भारत पर चर्चा





### प्रधानमंत्री ने जब किया थर्ड टर्म का जिक्र तो बजी तालियां

**नई दिल्ली :** देश में जल्द ही लोकसभा चुनाव होने हैं। हर कोई यही चर्चा कर रहा आखिर देश में अगली सरकार किसकी बनेगी। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में एक कार्यक्रम दौरान ऐसा कमेंट किया जिसे लेकर नई सियासी चर्चा शुरू हो गई। दरअसल, पीएम मोदी ने 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024' में शिरकत के दौरान अपने तीसरे टर्म का जिक्र किया। बस प्रधानमंत्री के इतना कहते ही पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान 'मोदी-मोदी' के नारे भी सुनाई दिए। जिसके बाद पीएम मोदी ने मुस्कुराते हुए बस इतना ही कहा- 'चलिए समझदार को इशारा काफी है।' अपने संबोधन के दौरान ही पीएम मोदी ने कहा, 'जब मेरी पहली टर्म थी उस समय मैंने ग्लोबल लेवल की एक मोबिलिटी कॉन्फ्रेंस प्लान की थी। उस समय की चीजें अगर आप निकालकर देखेंगे तो बैटरी पर हमारा फोकस क्यों होना चाहिए, इलेक्ट्रिक व्हीकल तरफ हमें कैसे जल्दी जाना चाहिए। इन सारे विषयों पर बहुत विस्तार से वो समिट हुआ था। ग्लोबल एक्सपर्ट्स आए थे।'

**जब तालियों के साथ लगे मोदी-मोदी के नारे**

पीएम मोदी ने आगे कहा कि 'आज मेरी दूसरी टर्म में मैं देख रहा हूं कि खासी मात्रा में प्रगति हो रही है। मुझे विश्वास है कि तीसरी टर्म में...' और इसके बाद पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजने लगा। दूसरी ओर प्रधानमंत्री भी हंसते हुए ये सब देख रहे थे। इस दौरान बीच-बीच में मोदी-मोदी की आवाज भी आ रही थी। इसी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'चलिए समझदार को इशारा काफी होता है और आप लोग तो मोबिलिटी की दुनिया से हैं तो ये इशारा देश में और तेजी से फैलेगा।'

**पीएम मोदी ने किया 'विकसित भारत' का जिक्र**

यही नहीं भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 में पीएम मोदी ने आगे 'विकसित भारत' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज का भारत 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के लिए आगे बढ़ रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए मोबिलिटी सेक्टर अहम भूमिका निभाने वाला है। मैंने लाल किले की प्राचीर से कहा था कि 'यही समय, सही समय है', ये शब्द मैंने देश के लोगों की क्षमताओं के कारण ही कहे थे। आज भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में देश मजबूती से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अग्रसर है।

### कांग्रेस लोकसभा चुनाव में 40 सीट भी नहीं जीत पाएगी',





**कोलकाता :**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 40 सीट भी नहीं जीत पाएगी। ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने कांग्रेस से 300 लोकसभा सीटों पर लड़ने को कहा था लेकिन उन्होंने नहीं सुनी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर ममता ने कहा कि अब वे राज्य में सबसे पहले मुस्लिम वोटरों में खलबली मचाने आए हैं। मुझे नहीं पता कि अगर वे 300 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे तो वे 40 सीटें भी जीत पाएंगे या नहीं।

### दैवीय शक्ति का प्रतीक हैं मोदी : कांग्रेस नेता



**संवाददाता।**

बीते दिन कांग्रेस नेता प्रमोद कृष्णम ने पीएम मोदी से मुलाकात भी की है। वहीं पीएम मोदी से मुलाकात के बाद उठ रहे सवालों का भी उन्होंने जवाब दिया है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा है कि 'भारत के प्रधानमंत्री से मिलना कोई गुनाह नहीं है, उन्हें श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह के लिए आमंत्रित करना भी कोई गुनाह नहीं है और अगर यह गुनाह है तो मैं इसकी सज़ा भुगतने के लिए तैयार हूं।' इसके साथ ही उन्होंने पीएम मोदी को दैवीय शक्तियों का प्रतीक भी बताया है। **सनातन के सेवक के रूप में है पहचान** - पीएम मोदी से मुलाकात को लेकर कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि 'मैं आदरणीय नरेंद्र मोदी जी से पहली बार मिला हूं। मुझे ये कहने में कतई संकोच नहीं है कि प्रधानमंत्री जी के ऊपर निश्चित ही किसी दैवीय शक्ति की कृपा है। जो अनुभूति मुझे उनसे मिलकर हुई है, उसके बाद मैं ये कह सकता हूं कि वो एक दैवीय शक्ति के प्रतीक हैं। उस एहसास को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं। उस एहसास को शब्दों में परिभाषित नहीं किया जा सकता है।' आगे उन्होंने कहा कि 'मेरी पहचान सनातन के सेवक के रूप में है।

## सीएम केजरीवाल के घर पहुंची दिल्ली पुलिस



**एजेंसी।** भाजपा ने दर्ज कराई है शिकायतशुक्रवार को देर शाम दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पर दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दस्तक दी है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के भाजपा द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के एक मामले में उन्हें नोटिस देने के लिए पहुंची थी। दरअसल, सीएम केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के नेताओं ने भाजपा पर उनके विधायकों को पैसे ऑफर करने का आरोप लगाया था। इसकी शिकायत करने के लिए भाजपा नेताओं ने दिल्ली पुलिस कमीश्नर से संपर्क किया था।

**क्या है पूरा मामला?**

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने पीसी करके आरोप लगाया था की बीजेपी आम आदमी पार्टी के विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए का ऑफर दे रही है। पार्टी के 7 विधायकों को तोड़ने की कोशिश की गई है। उन्होंने कहा था कि हम सही वक्त आने पर एक ऑडियो क्लिप जारी करेंगे। इसके बाद बीजेपी ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर से मुलाकात करके आम आदमी पार्टी द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच करने की मांग की थी।

#### घर पर नहीं मिले केजरीवाल

दिल्ली पुलिस के क्राइम ब्रांच की टीम सीएम केजरीवाल और मंत्री आतिशी के घर क्राइम ब्रांच की टीम नोटिस देने गई थी।

### ग्लोबल हुआ देसी पेमेंट सिस्टम UPI, अब खरीद पाएंगे एफिल टॉवर का टिकट

**एजेंसी।**

भारत के पेमेंट सिस्टम यूपीआई को वैश्विक स्तर पर बड़ी सफलता मिली है। अब यूपीआई के जरिए आप एक क्लिक पर फ्रांस के पेरिस में प्रसिद्ध एफिल टॉवर का टिकट बुक कर सकेंगे। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बात दें, यूपीआई भारत की ओर से बनाया गया एक अत्याधुनिक पेमेंट सिस्टम है, जिसमें बिना कोई ओटीपी के केवल एक पिन दर्ज कर भुगतान कर सकते हैं। एनपीसीआई ने कहा कि उसकी सहयोगी कंपनी एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स (एनआईपीएल) ने फ्रांस की ई-कॉमर्स और भुगतान कंपनी लायरा के साथ गठजोड़ किया है।

### संजय राउत और नाना पटोले के सामने ही एक बड़े नेता बोल पड़े, इंडी गठबंधन लगभग खत्म

**एजेंसी।**



महाराष्ट्र के गठबंधन यानी महाविकास आघाड़ी को आज सबसे सामने शर्मिंदगी झेलनी पड़ी, जब एमवीए गठबंधन द्वारा बुलाए गए वीबीए के चीफ प्रकाश आंबेडकर ने खुलकर कहा कि ढ्ढ.द्ध.ष्ठ.ढ्ढ. गठबंधन लगभग खत्म हो चुका है। प्रकाश आंबेडकर आज एमवीए की एक बैठक में शामिल हुए। जानकारी दे दें कि इसी हफ्ते की शुरूआत में औपचारिक रूप से अंबेडकर की पार्टी वीबीए को एमवीए गठबंधन में शामिल किया गया है। संजय राउत और नाना पटोले के सामने प्रकाश आंबेडकर ने MVA को आईना दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि I.N.D.I.A गठबंधन लगभग खत्म हो चुका है। इसके बाद संजय राउत ने मौके को भांपते हुए कहा कि गठबंधन मजबूत है। बता दें कि प्रकाश अंबेडकर जब यह बयान दे रहे थे तब उनके बगल में ही संजय राउत और नाना पटोले खड़े थे। **ड्राप करने आए थे दोनों नेता** - बता दें कि दोनों नेता प्रकाश अंबेडकर को ट्रायडेंट होटल से नीचे ड्राप करने आए थे, तभी प्रकाश आंबेडकर ने गठबंधन की मजबूती को लेकर MVA को आईना दिखाते हुए मीडिया से बातचीत की। प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि इंडिया गठबंधन खत्म हो चुका है, इंडिया गठबंधन के आखिरी मजबूत पार्टनर अखिलेश यादव भी अलग हो चुके हैं, ममता और आप पहले ही अलग हो चुके हैं।

## हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ीं, अब 5 दिन की ईडी हिरासत...

### ईडी का दावा- रांची में सोरेन के पास 8.5 एकड़ भूखंड



**एजेंस** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को रांची में पीएमएलए अदालत ने पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले कोर्ट ने उन्हें गुरुवार को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। सोरेन को 31 जनवरी को भूखंड के अवैध कब्जे और भूमि माफिया के साथ कथित संबंध से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। हेमंत सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से की गई उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने शुक्रवार को सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी से हाईकोर्ट जाने को कहा। इससे पहले ईडी ने बुधवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सात घंटे की पूछताछ के बाद झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले सोरेन को ईडी की हिरासत में राज्यपाल से मिलकर सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

इस बीच ईडी ने विशेष अदालत को बताया कि सोरेन के पास रांची में एक दूसरे से सटे 12 भूखंड हैं जिनका माप कुल 8.5 एकड़ है। इन पर सोरेन का अवैध कब्जा है और वह उनका उपयोग करते हैं और उन्होंने यह जानकारी छिपा कर भी रखी थी। एजेंसी ने कहा कि ये भूखंड मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपराध की आय है। राज्य सरकार के कर्मचारी और राजस्व विभाग में सब इंस्पेक्टर भानू प्रताप प्रसाद के खिलाफ राज्य के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी में संपत्तियों के दस्तावेज मिले थे। इससे पता चला कि प्रसाद अन्य लोगों के साथ मिलकर संपत्तियों को अवैध रूप से हासिल करने की साजिश में शामिल था, इसमें हेमंत सोरेन द्वारा हासिल की गई संपत्तियां भी शामिल हैं।

# व्यास जी के तहखाने में ASI सर्वे में मिली कई मूर्तियां : सीईओ

**एजेंसी।**

ज्ञानवापी परिसर में व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं की तरफ से पूजा-अर्चना शुरू कर दी गई है। इस बीच काशी विश्वनाथ मंदिर के सीईओ विश्व भूषण मिश्रा ने एक चैनल से एक्सक्लूसिव बातचीत की। विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि व्यास जी के तहखाने में अभी हनुमान जी, मगर घड़ियाल (जो गंगा जी का वाहन है) की मूर्ति मिली है। इसके अलावा भगवान विष्णु, गणपति भगवान और शिवलिंग एएसआई को सर्वे के दौरान व्यास जी के तहखाने में मिली थी।



#### एएसआई ने मूर्तियों को ट्रेजरी में किया था जमा

विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर एएसआई ने ज्ञानवापी परिसर में मिली सभी प्रतिमाओं और शिलालेखों को ट्रेज़री में जमा करा दिया था। 31 जनवरी को वाराणसी की ज़िला अदालत ने व्यास जी के तहख़ाने में पूजा, राग भोग का आदेश दिया। डीएम के आदेश पर फ़ौरन ट्रेज़री से व्यास तहख़ाने में मिली मूर्तियां निकाली गईं। सभी को व्यास तहख़ाने लाया गया और फिर पूजा शुरू हुई। अभी व्यास जी के तहख़ाने में ट्रेज़री से दो मूर्ति और आनी है।

**काशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारियों की लगती है ड्यूटी** - व्यास जी के तहख़ाने में एक पुजारी और सहायक अभी पूजा करते हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर में 18 पुजारी है इन्हीं में से ड्यूटी लगती है। व्यास जी के तहख़ाने में सुबह श्रीराम आरती होती है क्योंकि यहां विष्णु भगवान का वास भी है। इसके अलावा पांच अन्य आरती होती है जो काशी विश्वनाथ मंदिर में होती है।

#### कब-कब होती है आरती -

मिश्रा के अनुसार, मंगला आरती जो सुबह तीन बजे होती है। मध्याह्न भोग आरती साढ़े ग्यारह बजे होती है जबकि सप्त ऋषि आरती शाम को सात बजे होती है। वहीं, श्रृंगार भोग आरती रात साढ़े नौ बजे और शयन आरती रात दस बजे से ग्यारह बजे तक होती है। बता दें कि यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा के लिए आ रहे हैं।

## जिबूती से लेकर अदन की खाड़ी और सोमालिया तक होगी भारतीय नौसैनिकों की तैनाती

**एजेंसी।** दिल्लीः जिबूती से लेकर अदन की खाड़ी तक और सोमालिया के पूर्वी तट तक अब भारतीय नौसेना के जांबांजों की पैनी नजर होगी। इन इलाकों में अब समुद्री लुटेरों और आतंकियों की शामत आने वाली है। देश के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर मालवाहक जहाजों के संरक्षण के लिए भारतीय नौसेना की इकाइयों को जिबूती, अदन की खाड़ी, सोमालिया के पूर्वी तट के साथ ही उत्तर और मध्य अरब सागर में तैनात किया जा रहा है। जाहिर है कि अगर किसी ने जरा भी गुस्ताखी की तो भारतीय नौसेना प्रलय मचाने के लिए तैयार होगी।



रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि नौसेना ने अदन की खाड़ी और अफ्रीका के पूर्वी तटीय क्षेत्र में जलदस्यु रोधी गश्ती के लिए 2008 से अपनी इकाइयों को तैनात किया था और कुल 3,440 जहाजों और 25 हजार से अधिक नाविकों को सुरक्षा प्रदान की गई।

## खास खबर

### ग्राम अर्जुनी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अर्जुनी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुनी में जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा एबीस ग्रुप के समन्वय से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। कलेक्टर ने कहा कि शिशुवती व गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य एवं पोषण के विषय में जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने स्वस्थ और सुपोषित समाज के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर अग्रवाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुनी में जन्मी बालिका की माता को एबीस ग्रुप द्वारा तैयार किए गया ममता किट प्रदान किया। शिविर में पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफ्ना, डॉ. नरेंद्र गांधी, डॉ. मिताली, डॉ. हिमांशु नामदेव, डॉ. मुमताज बेगम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में कुल 139 कुपोषित बच्चों तथा 118 गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। एबिस ग्रुप द्वारा सभी कुपोषित बच्चों को सुपोषण किट तथा गर्भवती माताओं को ममता किट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर, एबिस ग्रुप के डॉ. डी पलोमी बनर्जी, परियोजना अधिकारी डोंगरगांव डॉ. वीरेन्द्र कुमार साहू, खंडचिकित्सा अधिकारी डॉ. रागिनी चंद्रा, स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनी के समस्त स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।

### कर्मचारियों को बेहतर सुविधा देने एसईसीएल के अस्पतालों में खुलेगी अमृत फार्मेसी

**कोरबा।** अपने कर्मचारियों को बेहतर और किफायती स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए, छत्तीसगढ़ स्थित कोल इंडिया की सहायक कंपनी, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड अपने अस्पतालों में अमृत फार्मेसी खोलने वाली पहली कोयला कंपनी बन जाएगी। एसईसीएल ने अपने अस्पतालों में अमृत फार्मेसी स्टोर की स्थापना के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक उपक्रम एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रारंभिक चरण में, एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर के अस्पतालों तथा गेवरा, सोहागपुर और चिरिमिरी के परिचालन क्षेत्रों में स्थित केंद्रीय अस्पतालों में अमृत फार्मेसियां स्थापित की जाएंगी। एसईसीएल अस्पतालों में अमृत फार्मेसी एक साथ जेनेरिक और जीवनरक्षक ब्रांडेड दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। ये फार्मेसियां सामान्य बीमारियों के साथ-साथ गंभीर स्थितियों के लिए दवाएं, प्रत्यारोपण, उपभोग की सर्जिकल वस्तुएं आदि अत्यधिक रियायती दरों पर प्रदान करेंगी।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सिंचाई परियोजनाओं के स्वीकृत कार्यों में प्रगति लाएं - विजय शर्मा

लोकशक्ति।



रायपुर। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कबीरधाम जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर पूर्व में दिए गए निर्देशों के प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने बैठक में जिले के विभिन्न विभाग के अधिकारियों को दिए गए निर्देशों पर प्रगति लाने के निर्देश दिए। कृषि, पशु चिकित्सा, मत्सय, जल संसाधन, उद्यानिकी विभाग, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सड़क योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नवीन सिंचाई योजना के कार्यो के स्थिति की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। कलेक्टर को कार्यों की प्रगति समय-सीमा की बैठक में रखकर समीक्षा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्थानीय निवासियों को विभिन्न योजनाओं के तहत जोड़ते हुए लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़े। पटवारी और ग्राम पंचायत सचिव को मुख्यालय में अनिवार्यत: रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, डीएफओ चुड़ामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मत्स्य पालन के लिए जिले के स्थानीय मछुआरा परिवार को प्राथमिकता देते हुए केज निर्माण के लिए योजना के तहत अधिक से अधिक लाभन्वित करें। समाज के साथ बैठक कर उसमें चर्चा करे और उन्हें योजना के तहत केज निर्माण आने वाली सभी कठनाईयों को दूर कर सहयोग करें। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि 198 केज की अनुमति मिली है, 20 मार्च तक जिले के स्थानीय निवासियों को केज उपलब्ध कराया जाएगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पिछली बैठक में जिले में पशुपालकों को मिलने वाली सुविधाओं के लिए एक्सरे मशीन खरीदने के लिए निर्देश दिए थे। पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक ने बताया कि इसके लिए प्रस्ताव भेंज दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कलेक्टर से सैद्धातिक सहमति लेकर खरीदी करने तथा 15 मार्च तक ओटी कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कबीरधाम जिले में बड़ी मात्रा में गन्ने का उत्पादन किया जाता है, जिसके कारण यहां गुड़ उद्योग बड़ी संख्या में स्थापित है। उन्होने गुड़ उद्योग में रोजगार के लिए स्थानीय युवाओं को तकनीकी रूप से प्रशिक्षण के लिए कौशल विकास विभाग को दिए गए थे, जिस पर कार्य किया गया। प्रारंभ में बीस युवाओं को चयन कर गुड़ उद्योग में 10 फरवरी से प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण के प्रारंभ के समय उद्योग के संचालक को आमंत्रित कर सुझाव लिए जाए। जिससे उन्हें अपने उद्योग में कार्य करने के लिए योग्य प्रशिक्षित युवा प्रशिक्षण के बाद मिल सके। इससे अन्य राज्यों से कार्य के लिए तकनीकी विशेषज्ञ को बुलाने की आवश्यकता नहीं होगी और स्थानीय निवासियों को रोजगार मिल सकेगा।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि कबीरधाम जिले के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सिंचाई परियोजनाओं में विस्तार करने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रारंभ होने वाले सिंचाई योजनाओं की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि घटोला जलाशय, जगमड़वा जलाशय, बड़ौदाखुर्द और हाफनदी व्यपवर्तन योजना के तहत रमतला जलाशय, क्रांति जलाशय और देवसरा जलाशय मे कार्य कर सिंचाई का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि घटोला जलाशय के लिए टेंडर जारी कर एजेंसी का निर्धारण कर लिया गया है। उपमुख्यमंत्री ने अन्य जलाशयों के निमार्ण के लिए आने वाले कठिनाईयों को दूर कर सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन 81 गांवों में कार्य पूर्ण हो चुका है उसकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उज्जवला योजना की समीक्षा करते हुए गैस सिलेंडर वितरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि योजना के तहत प्रदान किए जा रहे गैंस सिलेण्डरों में समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होने जिले में गैस सिलेंडर एजेंसियों की संख्या बढ़ाने के लिए कंपनी से चर्चा करने के निर्देश दिए। उन्होंने उज्जवला योजना के तहत हितग्राहियों को सिलेंडर वितरण के लिए जिले के सभी एजेंसियों में निर्धारित दिन तय करें। जिससे उन्हें कठिनाईयों का सामना ना करना पड़े।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत नए आंगनबाड़ी की स्वीकृति के संबध में जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि 20 नए आगंनबाड़ी केन्द्र की स्वीकृति मिली है, वहीं डिसमेंटल और मरम्मत योग्य 118 भवनों का निर्माण किया जाएगा। जिसमें प्रथम चरण में 50 भवन को बनाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत वृहद रूप में सामुहिक विवाह के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

# दिव्यांग बच्चों को दिलाएं रोजगार मूलक प्रशिक्षणः सचिव एस. प्रकाश

लोकशक्ति।



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सभी जिलो में दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास के साथ-साथ उन्हें रोजगार मूलक कार्यो में प्रशिक्षण दिया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के सचिव एस. प्रकाश ने राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिव्यांगजनों के लिए शिविर लगाकर यूडीआईडी पंजीयन कराने और मेडिकल बोर्ड से दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जगहों पर बेघर, बेसहारा, घुमंतू, दिव्यांग, बच्चों और महिलाएं मिलने पर उन्हें पुर्नवास केन्द्र में भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक पर संचालक श्रीमती रोक्तिमा यादव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

समाज कल्याण विभाग के सचिव एस. प्रकाश ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित अनुदान प्राप्त संस्थाओं और पुनर्वास केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को हुनरमंद बनाकर स्व-रोजगार के साधन उपलब्ध कराएं।

उनकी रूचि के अनुसार मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना विभिन्न ट्रेडो में प्रशिक्षण दिलाया जाए। तृतीय लिंग का भी पंजीयन कराने और राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड के साथ अन्य विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। श्री एस. प्रकाश ने कहा कि जिला पुनर्वास केन्द्र के माध्यम से ऐसे जरूरतमंद बच्चे, महिलाओं, युवा, बुजुर्ग जिनको फिजियोथेरिपी, कृत्रिम उपकरण, वैशाखी, श्रवण यंत्र, ट्राईसायकल एवं अन्य उपकरण उपलब्ध कराए जाए। विभिन्न पेंशन प्रकरणों का भौतिक सत्यापन करके पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता से पेंशन का लाभ दिलाए। विभाग के हेल्प लाइन नंबर का भी व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। समीक्षा बैठक में कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण प्रदाय योजना, सामर्थ्य विकास योजना, नि:शक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना, राष्ट्रीय नि:शक्तजन पुनर्वास कार्यक्रम सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।

# रायपुर प्रेस क्लब निर्वाचनः 17 फरवरी को होगा मतदान

लोकशक्ति।

**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब में अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों का निर्वाचन करने 17 फरवरी को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना जारी कर दी है। प्रेस क्लब में निर्वाचन के लिए 02 फरवरी 2024 से 07 फरवरी 2024 तक नाम निर्देशन पत्र कलेक्टोरेट परिसर स्थित कक्ष क्रमांक 11 में भरे जाएंगे। प्रेस क्लब रायपुर के इस निर्वाचन से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष के एक-एक तथा संयुक्त सचिव के दो पदो पर प्रत्याशी चुने जाएंगे।

अपर कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी श्री बी.सी. साहू ने बताया कि रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं तथा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश पर रायपुर प्रेस क्लब की कार्यकारणी का निर्वाचन कराया जा रहा है। 02 फरवरी से 07 फरवरी 2024 तक सुबह 11 से दोपहर 03 बजे तक नाम निर्देशन पत्र कलेक्टोरेट परिसर कक्ष क्रमांक 11 में जमा किए जा सकेंगे। 08 फरवरी को सुबह 11 से दोपहर 03 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। 09 फरवरी को दोपहर 03 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 09 फरवरी 2024 को ही दोपहर 3 बजे के बाद निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# अपराधियों में पुलिस का भय और आम नागरिकों से मधुर संबंध स्थापित करें-उपमुख्यमंत्री



रायपुर। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर-सुकमा बार्डर टेकलगुड़ा के नक्सली मुठभेंड़ में शहीद जवानों को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए नक्सली हिंसा की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद विकास की विरोधी है। छत्तीसगढ़ सरकार बस्तर में रहने वाले लोगों को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस कैंप खोली जा रही है। दरअसल ये पुलिस कैंप नहीं बल्कि बस्तर में रहने वाले लोगों के लिए यह विकास कैंप है। इस विकास कैंप के जरिए बस्तर के जंगलों में रहने वाले लोगों को मुलभूत सुविधाओं के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, विद्युत सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उन तक पहुंचाई जा रही है।

लेकिन नक्सलवाद से जुड़े लोग इस बुनियादी और मुलभूत सुविधाओं को वहां के लोगों तक पहुंचने नहीं दे रहे है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने यह बाते कवर्धा के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित पुलिस गौरव सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने इस पुलिस गौरव सम्मान समारोह में 32 अलग-अलग कैटैगिरी में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सेवानिवृत्त हुए प्रधान आरक्षक बीरबल भगत को शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया।

पुलिस गौरव सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी कहा कि आने वाले समय में नक्सलवाद के खिलाफ छत्तीसगढ़ सरकार की कार्यवाही और भी तेज होगी। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सलवाद से जुड़े हुए युवाओं कों मुख्यधारा में लाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार हर स्तर पर संवाद करने को तैयार है। साथ ही संचार के अन्य माध्यमों से भी चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कवर्धा के लालपुर में हुए हत्या का भी जिक्र करते हुए इस तरह की घटना की निंदा की।

इस अवसर पर कैलाश चंद्रवंशी, जसविंदर बग्गा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति मुकेश अग्रवाल, रामकृष्ण साहू, संदीप अग्रवाल, सलील चंद्राकर, डॉ. अतुल जैन, दौलत राम कश्यप, कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, हेमंत गुप्ता, भावेश मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पुलिस जवानों ने उल्लेखनीय कार्य किया है आज उन्हें सम्मानित किया गया है यह बहुत ही गर्व की बात है। पुलिस के माध्यम से ही हमारा समाज और शहर सुरक्षित महसुस करता है। वे 24 घंटे आम लोगों की सुरक्षा को लेकर तैनात रहते है। ऐसी स्थिति में जवान अपने परिवार तक से दुर रहते हुए देश की सेवा में लगे रहते हैं।

उन्होंने कहा कि इस विभाग से जुड़े मुझे एक माह ही हुआ है, यही मेरा परिवार है। उन्होंने कहा कि कई बार तो ऐसा भी मौका आता है कि वे ड्यूटी से छूटकर घर पहुंचते है तो किसी गंभीर विषय में पुन: उन्हें लौटकर ड्यूटी पर जाना होता है। पुलिस के जवान हर मौसम में सजगता के साथ अपनी ड्यूटी को पूरा करते हैं। ऐसे जवानों को मेरा सलाम है, जो देश की रक्षा के लिए अपनी जान हथेली में लेकर चलते है। उन्होंने कहा कि पुलिस का संबंध आम नागरिकों से मधुर और अपराधियों में भय का महौल होना चाहिए।




# उद्यानिकी फसलों के प्रसार के लिए सरगुजा संभाग में बनेगा 1000 एकड़ का पायलट प्रोजेक्ट

### कृषि मंत्री ने विभागीय काम-काज की समीक्षा की


**रायपुर,** कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम ने आज नया रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस के बेंक्वेट हाल में विभागीय काम-काज की समीक्षा की। मंत्री श्री नेताम ने बैठक में कहा कि पात्र और वास्तविक किसानों को शासन के योजनाओं का लाभ मिले यह सुनिश्चित हो। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। जैविक खेती को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि सरकार की किसान हितैषी नीतियों के कारण ज्यादातर किसान धान की फसल लेने लगे हैं, लेकिन इससे पानी का इस्तेमाल बढ़ा है, जिससे आने वाले समय में पानी की समस्या भी हो सकती है। साथ ही दलहन जैसी फसलें लेने से भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। अतः दलहन, तिलहन जैसे चक्रीय फसलों के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए तथा इन चक्रीय फसलों के लाभ के बारे में किसानों को बताएं। मंत्री श्री नेताम ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति जैसे अबुझमाड़िया, बिरहोर, बैगा, कमार और पहाड़ी कोरवा, वन अधिकार पत्र धारी किसानों सहित पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत जोड़ा जाय। उन्होंने अपूर्ण कार्यो को गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री नेताम ने बैठक में कहा कि मिलेट फसलों को बढ़ावा दिया जाए, इसके लिए मार्केट उपलब्ध कराया जाए ताकि किसानों को फसल को विक्रय करने में कोई परेशानी न हो और उनकी उपज का ज्यादा से ज्यादा दाम मिल सके।

मंत्री श्री नेताम ने कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना के जरिये छोटे-छोटे किसानों को कम लागत के यंत्र उपलब्ध कराए जाएं। जिससे छोटे किसान भी उन्नत कृषि की ओर अग्रसर हो और आर्थिक रूप से सशक्त बने। उन्होंने उद्यानिकी विभाग की समीक्षा में कहा कि छत्तीसगढ़ में उद्यानिकी फसलों की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी फसलों के प्रसार के लिए हमारे पास पर्याप्त संसाधन उपलब्ध है। उद्यानिकी के क्षेत्र में ऐसा काम करें कि देश के दूसरे राज्य यहां का अनुकरण करें। उन्होंने नये-नये उद्यानिकी फसलों के प्रयोग हेतु 1000 एकड़ का पायलट प्रोजेक्ट का प्रस्ताव बनाने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिलेवार उस जिले के प्रमुख उद्यानिकी फसलों को चिन्हांकित कर उस फसल को बढ़ावा देने प्रयास किया जाए, जिससे उस फसल के नाम पर उस जिले का नाम बढ़े।

## क्राईम डायरी....

### महाराष्ट्र, मध्य-प्रदेश और उडीसा में छत्तीसगढ़ पुलिस की रेड



**रायपु।** छत्तीसगढ़ पुलिस की टीम ने महाराष्ट्र, मध्य-प्रदेश और उडीसा में छत्तीसगढ़ पुलिस की रेड की कार्रवाई कर नशे के कारोबार में संलिप्त बदमाशो को धर दबोचा हैं । उक्त बदमाश काफी दिनों से छत्तीसगढ़ के कई प्रांतो में नशे के कारोबार को फैलाने में लगे हुए थे। पुलिस ने बताया कि देवेन्द्र नगर थाना एवं गंज थाना में 02 अलग - अलग मामलों में प्रतिबंधित नशीली कोड़िन सिरप सप्लाई करने वाले आरोपियों मोह. अहमद, डोमार उर्फपिंटू, मोह. साजिद खान, मोह. वसीम मेमन, साजिद रजा एवं अभिजीत वाजपेयी निवासी रायपुर के विरूद्ध कार्यवाही कर उनसे 234 शीशी प्रतिबंधित नशीली सिरप जप्त किया गया, जिनसे गहन पूछताछ एवं तकनीकी विश्लेषण करने पर उनके द्वारा सामाग्री महाराष्ट्र के नागपुर से मंगाना पाया गया। जिस पर नागपुर में रेड कार्यवाही कर 01 अंतर्राज्यीय तस्करी करने वाले आरोपी कमलेश उपाध्याय सहित कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 2994 शीशी प्रतिबंधित नशीली कोड़िन सिरप तथा 04 नग दोपहिया वाहन जुमला कीमती 8,07,270/- रूपये जप्त कर कार्यवाही किया गया। थाना गुढ़ियारी क्षेत्रांतर्गत नशीली टेबलेट बिक्री करने वाले आरोपी मोह0 सलमान शाह निवासी अमिरती थाना गुड जिला रींवा (म.प्र.) को गिरफ्तार किया गया था एवं उसके पास से प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पासमो जप्त किया गया था। आरोपी से कड़ाई से पूछताछ करने पर प्रतिबंधित टेबलेट को जिला रींवा (म.प्र.) के छोटी गोरभी स्थित मेडिकल स्टोर से खरीद कर लाना एवं रायपुर में अधिक दाम पर प्रतिबंधित टेबलेट को बिक्री करना बताया गया। जिस पर थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा जिला रींवा (मध्य-प्रदेश) के छोटी गोरभी स्थित मेडिकल स्टोर में रेड कार्यवाही कर 02 अंतर्राज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 330 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पासमो जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत् कार्यवाही किया गया।

### गौवंश की तस्करी कर रहे 4 आरोपी गिरफ्तार



धमतरी । गौवंश तस्करी करते चार तस्करो को गिरफ्तार किया गया है कब्जे से 14 नग मवेशी जप्त की गई है पुलिस सूत्रों ने बताया कि बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल के पास 4 व्यक्तियों द्वारा गाय, बछिया को बांधकर मारते पीटते हुये बगैर चारा पानी के पैदल कत्लखाना के लिये अमलीडीह से गांव की ओर ले जा रहे है। तस्करों से नाम पूछने पर उन्होंने अपना नाम गंगा राम यादव, नंदकुमार ध्रुव अजय कुमार ध्रुव राधेश्याम यादव बताया जो कि गरियाबंद और मगरलोड क्षेत्र के रहने वाले है पश्चात पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों पर धारा 4,8,10 छ0ग0 कृषक पशु परिक्षण अधि0 2004 एवं पशु कुरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 कायम कर मामले को विवेचना में लिया विवेचना के दौरान आरोपी मवेशियों की खरीदी बिक्री लाने ले जाने के संबध में कोई कागजात पेश नहीं कर पाए जिनसे कुल 14 नग मवेशियों को जप्त कर आरोपियों पर कार्यवाही की गई है कार्यवाही में थाना प्रभारी मगरलोड राजेश जगत, धनीराम नेताम,दीपक गौतम, जैत राम जोगी, नवीन टंडन धर्मेंद्र सोरी, संदीप शर्मा का योगदान रहा।

### अवैध शराब बेचते दो महिला गिरफ्तार



बालोद। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक के निर्देषन में जिले में अवैध व्यवसाय जुआ, सट्टा, अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत उप पुलिस अधीक्षक मुख्या बालोद सुश्री नवनीत कौर के मार्ग दर्षन मे थाना डौण्डीलोहारा पुलिस द्वारा 30 जनवरी को महात्मा गांधी के पुण्य तिथि को आरोपिया रंजीता बाई पति स्व, धनंजय कोसरे उम्र 37 वर्ष साकिन संबलपुर थाना डौण्डीलोहारा जिला बालोद के कब्जे से अवैध रूप से 18 पौवा देषी प्लेन शराब किमती 2160 रूपये को बिक्री करते पकड़े जाने पर आरोपिया के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है। इसी तरह आरोपिया नरबदिया बाई पति दिलीप कुमार देशलहरे उम्र 60 साल साकिन वार्ड नं 10 राजापारा डौण्डीलोहारा थाना डौण्डीलोहारा जिला बालोद के कब्जे से अवैध शराब 18 पौवा देषी प्लेन शराब एवं बिक्री रकम 300 रूपये कुल किमती 1740 रूपये पाये जाने पर आरोपिया के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है। थाना डौण्डी लोहारा क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार करने वालों के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही जारी है।

# नौकरी ,मुआवजा की मांग को लेकर भू प्रभावित लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**कोरबा एजेंसी।**

श्रीमान कलेक्टर महोदय के द्वारा नौकरी मुआवजा की लिखित में पत्र जारी नहीं करने पर एनटीपीसी के भी भूस्थापित ग्राम चारपारा के भूस्थापित राजन कुमार पटेल घसियारामकेवट मथुरा कुमार केवट रामायण प्रसाद केवट शुभम केवट के द्वारा 60 घंटे तक आमरण अनशन पर हैं एनटीपीसी के भू स्थापितो के द्वारा लगभग 40 वर्षों से लगातार नौकरी मुआवजा के लिए धरना प्रदर्शन किया जा रहे हैं और अभी वह बुजुर्ग हो चुके हैं अभी उनके वारिसानों के द्वारा दिनांक 224 2023 से एनटीपीसी से नौकरी मुआवजा बसावट को मांग को लेकर आईटीआई रामपुर चौक के पास 93 दिन तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहे निराकरण नहीं होने पर दिनांक 24 7 2023 को एनटीपीसी गतेबंदी करने गए गेट पर सांकेतिक प्रदर्शन किया गया जिला प्रशासन व एनटीपीसी प्रबंधक के द्वारा आश्वासन दिया गया उसे पर गुमराह किया गया दिनांक 5 8 2023 को भू स्थापित अपने जीवन की भरण पोषण के लिए अधिग्रहित भूमि शेष मुआवजा को लेकर पुनः जमीन को काबिज करने के लिए गए थे मौके में पुलिस प्रशासन मौजूद और जिला प्रशासन के तरफ से दारी तहसीलदार राजेंद्र भारत पहुंचकर हुई स्थापितों को आश्वासन दिया गया कलेक्टर ईस्तर में बैठक कराकर जाएगा करके नौकरी मुआवजा की मांग को पूरा करेंगे बोल गया मौखिक श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा रिचा सिंह के द्वारा 19, 08, 2023 को कटघोरा में बैठक कराकर भूस्थापितों के बीच एनटीपीसी प्रबंधक के द्वारा अध्यक्षता में एक सप्ताह का टाइम दिया था अनुविभागीय अधिकारी द्वारा फ्रि गुमराह करना चालू कर दिया दिनांक 24 8 2023 को ग्राम चारपारा के भूविस्थापितों के द्वारा शासन प्रशासन को सूचना दिया गया की आत्मदाह करने की निराकरण नहीं होने पर दिनांक 29 8 2023 को भू स्थापितों के द्वारा आत्मदाह का प्रयास किया गया कोरबा एसडीएम कोर्ट में बैठक कराकर श्रीकांत वर्मा के अध्यक्षता में विस्थापितों के बीच बैठक की गई उसके बाद में श्रीमान कलेक्टर महोदय सौरभ कुमार के द्वारा नौकरी मुआवजा की दिशा को भटकाने के लिए एफ्आईआर दर्ज किया गया थाना रामपुर सिविल लाइन में नौकरी दिलवाने के बजाय




जिला प्रशासन की काली कुर्ती देखिए दिनांक 29 9 2023 को श्रीमान अपर कलेक्टर के द्वारा ग्राम चारपारा कि भूविस्थापितों को ठगने के लिए झूठ मीटिंग किया गया एक-एक को बुलाकर ठगवा कलेक्टर दिनेश कुमार नाग है एनटीपीसी के पूरे में ज्यादा ही बात करते हैं यह श्रीमान कलेक्टर महोदय किसान के लिए कार्य करने के बजाय एनटीपीसी के लिए कार्य करते> जिला बिलासपुर से भू अर्जन अधिकारी के पास से हुआ अधिग्रहण दस्तावेज उपलब्ध कराने एवं नौकरी मुआवजा प्रकरण को पूरा करने व अधूरी प्रकरण प्रकरण को पूरा करने के लिए और नौकरी मुआवजा बसाहट दिलाने के लिए दिनांक 30,01 2024 को कलेक्टर महोदय के समक्ष ज्ञापन दिया गया है जब तक हमारी मांग को लिखित में नहीं दिया जाएगा तब तक हम लोग आमरण अनशन पर आईटीआई चौक के पास बैठे रहेंगे चाय प्राण निकल जाए जिसकी समस्त जवाबदारी जिला प्रशासन की है और एनटीपीसी प्रबंधन की है और जनप्रतिनिधि जनप्रतिनिधि स्थानी की है।

# बेटी बचाओ मंच ने मनाया कन्या जन्मोत्सव



**रायपुर लोकशक्ति**

बेटी बचाओ मंच डगनिया परिक्षेत्र ने दौलत स्टेट स्थित सरिता - जगदीश कटरे के यहां कन्या जन्म के शुभ अवसर को कन्या जन्मोत्सव के रूप में मनाया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा डगनिया अध्यक्ष कृष्णा वर्मा सहित पदाधिकारियो ने कटरे निवास में जाकर यह कार्य संपन्न किया। सर्वप्रथम नव कन्या श्री तनु के पैर गुलाब जल से धोकर चंदन लेप करके देवी का स्वरूप मानकर पूजा अर्चना किया, व आरती उतारी तथा दुर्गा शक्ति सम्मान से सम्मानित किया। उक्त अवसर पर माता सरिता कटरे तथा बेटियों के लिए लगातार कार्य कर रहे रेखा कटरे को बेटी गौरव सम्मान, पिता को बेटी संरक्षण सम्मान से सम्मानित किया व बधाई दी। संचालन लीला रहंगडाले तथा पार्वती वर्मा ने किया। आभार लक्ष्मी शर्मा ने किया । आयोजन में गंगा वर्मा , आशा रहंगडाले, संतोषी जैतवार सहित पदाधिकारी

# अदाणी फाउंडेशन के निःशुल्क विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर से 500 से अधिक स्थानीय लोगों ने लिया लाभ

**रायपुर**_ जिले के तिल्दा प्रखण्ड में अदाणी फाउंडेशन द्वारा मंगलवार को विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। अदाणी पावर लिमिटेड, रायपुर के सामाजिक सहभागिता के तहत 30 जनवरी को आयोजित एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र शिविर ग्राम पंचायत तुलसी के पंचायत भवन में लगाया गया। जिसमें ग्राम तुलसी, कुंदरू, तिल्दा, बहेसर, सिर्वे, छतौद, चिचोली और ताराशिव सहित आसपास के आठ ग्रामों के कुल 503 लोगों ने नेत्र जाँच का लाभ लिया। रायपुर के प्रसिद्ध एमजीएम आँखों के अस्पताल के विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों ने मरीजों की जाँच और परामर्श के पश्चात मुफ्त में दवाइयाँ दी गई। इसके अलावा 80 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी दिया गया। नेत्र शिविर के आयोजन का उद्देश्य विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा आँखों के मरीजों को घर बैठे ही स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना था। शिविर में अपनी आँखों का जाँच कराने आई श्रीमती पद्मा वर्मा और लालती वर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने आभार व्यक्त करते हुए आवश्यक नेत्र जांच, दवा तथा चश्मा निःशुल्क उपलब्ध कराने के लिए कंपनी की सराहना की।



बहेसर गाँव के नारायण वर्मा ने शिविर के आयोजन और जमीनी स्तर पर नेत्र उपचार, दवाएँ और चश्मे की पेशकश में महत्वपूर्ण प्रयासों के लिए अदाणी फाउंडेशन को धन्यवाद दिया। इस नेत्र शिविर का उद्घाटन ग्राम तुलसी के सरपंच श्री गुलाब यदु, अदाणी पॉवर लिमिटेड रायपुर के वरिष्ठ प्रबंधक श्री इंद्रनील राय चौधरी, तथा व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. बलविंदर सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में एमजीम अस्पताल की टीम सहित अदाणी फाउंडेशन की समस्त टीम, मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट की टीम और गांव के सम्मानित नागरिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर सरपंच श्री गुलाब यदु ने कहा कि, हमें नेत्रों की चिकित्सा या परामर्श के लिए यहां से लगभग 50 किलोमीटर दूर राजधानी रायपुर के अलावा कोई अन्य उपाय नहीं है। इससे स्थानीय ग्रामीणों को हमेशा परेशानी होती है। मैं इस क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने, व्यापक शिविर के माध्यम से नेत्र उपचार में असाधारण योगदान के लिए अदाणी फ उंडेशन की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

# बजट को मिली सत्ता पक्ष की सराहना विपक्ष ने नकारा

**रायपुर।** 1 फ़रवरी देश के केंद्रीय वित मंत्री निर्मला सीतारमन ने आज अंतरिम बजट पेश किया बजट बाद दी गई प्रतिक्रिया में राज्य में अलग–अलग प्रतिक्रिया मिली है इसमें सत्ता पक्ष में जहां बजट को शानदार और मजबूत ढांचे का बताते हुए सराहना की है वहीं दूसरी तरफविपक्ष ने बजट को झुनझुना बताया है और कहां है कि इसमें आम लोगों के लिए कुछ विशेष नहीं है यहां तक की विपक्ष कई लोगों ने खास बातों को नकाते हुए बजट की मनभावन बताया है जबकि सत्ता पक्ष ने कहा की केंद्रीय वित्त मंत्री ने इंफ्रास्ट्रक्चर रक्षा युवा महिला किसान मध्यम वर्ग सभी की चिंता करते हुए हर वर्ग को राहत देने की कोशिश की है जो एक सराहनीय कदम है।

## न राहत, न रियायत, आम जनता की अपेक्षा के विपरीत घोर निराशाजनक बजट : कांग्रेस



केंद्रीय बजट 2024 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि पिछले 9 सालों की तरह इस साल का चुनावी बजट भी पूरी तरह से झूठे सपने, जुमले और झांसे का बजट साबित हुआ है, यथार्थ में आम जनता को किसी भी तरह की कोई राहत या वस्तावित रियायत नहीं दी गई है, फिर भी राजकोषीय घाटा अनियंत्रित है। मोदी 2.0 का यह अंतिम बजट देश की अर्थव्यवस्था को गर्त में ले जाने वाला बजट है, आयकर की दरों में राहत नहीं मिलने से मध्यम वर्ग भी निराश हुआ है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं सासंद दीपक बैज ने कहा है कि पुरानी झूठ को एक बार फिर से परोसा गया है कि 7 लाख तक आयकर में छूट रहेगी जबकि हकीकत यह है कि पिछले बजट में ही नए टैक्स रिजीम के तहत केवल 7 लाख के भीतर आय वालों को टैक्स में छूट दी गई ना की बेसिक एक्जंपप्शन लिमिट बढ़ाया गया है।

नए टैक्स रिजिम में किसी भी तरह की कटौती का प्रावधान नहीं है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रत्येक गारंटी होगी पूरी : किरण सिंहदेव



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंहदेव ने प्रदेश में महतारी वंदन योजना लागू होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कैबिनेट को साधुवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी को छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना को लागू करते हुए बुधवार के हुए कैबिनेट की बैठक में अहम फैसला लेते हुए प्रदेश में इसे लागू किया है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश के विवाहित महिलाओं को 1000 प्रति माह यानी सालाना 12000 की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी ,शासन की महत्ती योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के निवासी विवाहित महिला जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 को 21 वर्ष से अधिक हो जाएगी उन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा। विवाहित महिला के अलावा विधवा ,तलाकशुदा ,परित्यक्ता महिलाओं को भी इस योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र किया गया है। हमारी सरकार ने प्रदेश की जनमानस से जो वादा किया था, उसे पूरा करने के लिए दृढ़संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मोदी गारंटी के कार्यों को लगातार पूरा करते हुए प्रदेश में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है।

## प्रमुख वेलफेयर स्कीमों के बजट में कटौती, मोदी सरकार के जन विरोधी नीतियों का प्रमाण है:वर्मा

केंद्रीय बजट 2024 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि विगत वर्षों की तरह ही मोदी सरकार के इस बजट में भी जनकल्याणकारी योजनाओं के मद में कटौती की गई है, जिससे प्रमाणित होता है कि भारतीय जनता पार्टी के फोकस में आम जनता का कल्याण नहीं है। उर्वरक सब्सिडी 2022-23 में 251339 करोड़ था जो घटकर 2023-24 में 188894 कर दिया गया था और अब मात्र 164000 करोड़ कर दिया गया है। अर्थात प्रस्तुत बजट में उर्वरक सब्सिडी 2022-23 की तुलना में 87339 करोड़ और वर्ष 23-24 की तुलना में 24894 करोड़ की भारी भरकम कटौती करके किसानों के हक और अधिकार में डाका डाला गया है। इसी तरह खाद्य सब्सिडी 2022-23 की तुलना में 67552 करोड़ कम और 2023-24 की तुलना में 7082 करोड़ की कटौती कर दी गई है। पेट्रोलियम सब्सिडी विगत बजट 2023-24 में 12240 करोड़ थे जिसे इस बजट में 315 करोड़ की कटौती करते हुए मात्र 11925 करोड़ रखा गया है।



## महतारी वंदन में भाजपा सरकार महिलाओं को ठग रही है:शुक्ला



महतारी वंदन योजना में भाजपा महिलाओं धोखा दे रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा सरकार ने महतारी वंदन में माताओं बहनों को 12000 रू. सालाना देने का निर्णय ले तो लिया है लेकिन अभी भी सरकार ने स्पष्ट नहीं किया है कि महिलाओं को भुगतान कब से किया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान 60 लाख महिलाओं से फार्म भरवा कर वादा किया था कि चुनाव के बाद तुरंत भुगतान किया जायेगा। सरकार बने दो महिने पूरा होने को है। अतः भाजपा अपने वायदे के अनुसार दिसंबर से ही माताओं को भुगतान करें।

## संतुलित केन्द्रीय अंतरिम बजट : अमर पारवानी

रायपुर। अंतरिम बजट पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज संसद में पेश हुए अंतरिम बजट को लेकर चेंबर भवन में लाइव प्रतिक्रिया दी गई



जिसमे चेंबर पदाधिकारी एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनो के प्रमुख उपस्थित रहे। यह संतुलित केन्द्रीय अंतरिम बजट है। प्रस्तुत बजट में गरीब, किसान, महिला, युवा, पर्यावरण, उद्योग-व्यापार, इंफ्रास्ट्रक्चर एवं मध्यम वर्ग के लोगों को प्राथमिकता दी गई। टैक्स में कोई बदलाव नहीं हुआ तथा इस बजट में सैलरी क्लास को कोई फायदा नहीं दिया गया।


## केन्द्रीय बजट में मजबूत विकसित राष्ट्र की परिकल्पना जो व्यापार एवं उद्योग हेतु सकारात्मक बजट – कैट

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज केन्द्रीय वित्तमंत्री माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण की ओर से सुबह 11 बजे अंतरिम बजट 2024 पेश किया गया। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आज केन्द्रीय वित्तमंत्री माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट 2024 पेश किया। उन्होनें आगे बताया कि इनकम टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया गया हैं। एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी हो गई है।

जिससे कि व्यापार एवं उद्योग में वृद्धि होगी। इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च 11 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये रहेगा।


यह जीडीपी का 3.4 प्रतिशत है। राज्यों में विकास के लिए 75,000 करोड़ रुपये के ब्याज-मुक्त कर्ज का प्रावधान। प्राकृतिक संसाधन का उपयोग कर उर्जा उत्पादन विकसित राष्ट की ओर बढते कदम। देश में तीन नये आर्थिक रेल कोरिडोर से व्यापार एवं उद्योग को बढावा मिलेगा।

## केंद्रीय बजट में मोदी सरकार ने देश की जनता से एक बार फिर छल ही किया है: अजय गंगवानी



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अजय गंगवानी ने कहा कि आज वित्त मंत्री द्वारा केंद्र की मोदी सरकार का लोकसभा चुनाव के ठीक पहले का आखिरी अंतरिम बजट पेश किया गया, इस बजट से देश की आम जनता, किसान, गरीब, मजदूर, महिला और युवा वर्ग एक उम्मीद और एक आस लेकर बैठा था कि इस बजट में उनके लिए कुछ खास होगा, परंतु हर वर्ग पूरी तरह से हताश और निराश है क्योंकि वित्त मंत्रालय द्वारा पेश किए गए इस अंतरिम बजट का पिटारा पूरी तरह खाली है, किसी के हाथ कुछ भी नहीं लगा। देश का बजट सिर्फआय और व्यय का ब्यौरा नहीं होता, बल्कि यह वर्तमान सरकार का एक÷ पॉलिसी डॉक्युमेंट÷ होता है, सरकार आने वाले दिनों में देश की आम जनता के जेब में किस प्रकार पैसा डालने का काम करेगी और उनके हितों के लिए किस प्रकार के निर्णय लेगी एवं योजनाएं बनाएगी इसका स्पष्ट आईना होती है। परंतु केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया यह अंतरिम बजट पूरी तरह दिशा विहीन, उद्देश्य विहीन, और बिना रोड मैप का बजट है, जिस देश की आम जनता को कोई फायदा नहीं पहुंचने वाला।

## प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना तहत सौर ऊर्जा का सदुपयोग होगा और लोगों को निःशुल्क बिजली मिलेगी - अशोक बजाज



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अशोक बजाज ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट के प्रावधानों का स्वागत करते हुए कहा है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत बजट बहुत ही सराहनीय है। श्री बजाज ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के लागू होने परंपरागत ऊर्जा की बचत तो होगी ही साथ ही साथ ग्लोबल वार्मिंग की गति थमेगी। इस योजना के अंतर्गत एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने का बजट में यह प्रावधान रखा गया है। उपभोक्ताओं को प्रति माह 300 यूनिट बिजली फ्री में मिलेगी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मुकेश शर्मा ने कहा है कि केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में आगामी पाँच वर्षों में दो करोड़ आवास बनाने का जो लक्ष्य तय किया गया है, उससे न केवल बेघर लोगों को पक्की छत नसीब होगी, अपितु उद्योग-व्यवसाय तथा रोजगार के अवसरों में वृद्धि भी होगी।

लोकशक्ति www.lokshakti.in

संपादकीय

## उत्तराखंड में लागू यूनिफार्म सिविल कोड पेश करेगा उदाहरण

उत्तराखंड में जल्द ही यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू किया जा सकता है। इस कानून को लागू करने के लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई है। UCC को लागू करने के लिए बनी एक्सपर्ट कमेटी ने अपनी ड्राफ्ट रिपोर्ट उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी को सौंप दी है। बता दें कि सीएम धामी ने भी कहा है कि यूसीसी को लागू करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गामी विधानसभा सत्र में विधेयक लाकर समान नागरिक संहिता को प्रदेश में लागू कर दिया जाएगा। यूसीसी ड्राफ्ट रिपोर्ट पर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी का बयान भी सामने आ गया है। उन्होंने कहा- ÷ मुझे ड्राफ्ट मिल गया है, इसकी जांच की जाएगी और फिर इसे लागू किया जाएगा। हमने राज्य चुनावों के दौरान उत्तराखंड के लोगों से वादा किया था और उन्होंने हमारी सरकार बनाई। इसलिए हम वह वादा निभा रहे हैं। हमें उम्मीद है कि अन्य राज्य भी इसे लागू करेंगे।÷ उत्तराखंड में रिटायर्ड जज रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित समिति ने ष्ष्ट की ड्राफ्ट रिपोर्ट तैयार की है।इस ड्राफ्ट में एक ऐसे कानून को बनाने की बात है जो शादी, तलाक, संपत्ति, जाति से संबंधित मामलों में सभी धर्मों पर एक समान लागू होगा। मार्च 2022 में सरकार गठन के तत्काल बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति के गठन को मंजूरी दे दी गयी थी। उत्तराखंड की पुष्कर धामी सरकार ने UCC पर विधेयक पारित कराने के लिए 5 फरवरी से उत्तराखंड राज्य विधानसभा का 4 दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। विधानसभा में विधेयक के रूप में पेश करने से पहले इस मसौदे पर राज्य मंत्रिमंडल में चर्चा भी की जाएगी। बता दें कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करना धामी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।



## लोकसभा के पहले प्रदेश में भी दलबदल

जब भी चुनाव आते हैं तब राजनीतिक दलों में दलबदल तेज हो जाता है। पिछले विधानसभा के चुनाव के दौरान भी बेधड़क दलबदल हुआ था और अब लोकसभा चुनाव के पहले एक बार फिर दलबदल की आहट सुनाई देने लगी है। हालांकि इस बार भाजपा से किसी दूसरे दल में जाने वाले कहीं दिखाई नहीं दे रहे लेकिन अन्य दलों से भाजपा में आने के लिए जरूर बातचीत चल रही है लेकिन कुछ बीजेपी में आए लोगों का हश्र देखकर और कुछ स्थानीय भाजपा नेताओं का विरोध दलबदल की राह में गति अवरोधक बना हुआ है।

दरअसल, अब देश की राजनीति में दलबदल कोई ऐसा मुद्दा नहीं रहा जिससे कि शर्मिंदगी महसूस हो जिस तरह से राष्ट्रीय राजनीति में नीतेश कुमार ने दलबदल का परिणाम हर बार मुख्यमंत्री बनकर दिखाया है उससे अब वे राजनीतिज्ञ जो लंबा संघर्ष नहीं करना चाहते जो विपक्ष की बजाय सत्ता पक्ष की राजनीति करने में विश्वास रखते हैं वह जरूर इस समय भाजपा में एंट्री करने के दरवाजे तलाश रहे हैं और कुछ विपक्षी नेताओं को भाजपा के नेता ही ऑफर देकर भाजपा में बुला रहे हैं जिससे कि पार्टी के अंदर गुटबाजी के कारण पार्टी के नेताओं को स्थानीय स्तर पर कमजोर करने के लिए विरोधी दल के नेताओं को पार्टी में आमंत्रित कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव के बाद पंचायत और नगर निगमों के जनप्रतिनिधि भाजपा ज्वाइन कर चुके हैं और कुछ महापौर और कुछ जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा ज्वाइन करने की राह पर है।बहरहाल, मंगलवार को विभिन्न सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान जबलपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कांग्रेस विधायक विधायक ओंकार सिंह मरकाम को जिस तरह से पार्टी में आने का ऑफर दिया उनसे कहा कि वह गलत पटरी पर बैठे हैं। मुख्यमंत्री जब ऐसा कह रहे थे तब विधायक ओमकार सिंह मरकाम हाथ जोड़ खड़े हुए और मुस्कुराते रहे। हालांकि बाद में उन्होंने इन सब बातों को बेबुनियाद बताया लेकिन पार्टी में विभिन्न अंचलों में विभिन्न स्तर पर स्थानीय समीकरणों के हिसाब से दलबदल को हवा दी जा रही है और इस दल बादल में कांग्रेस के साथ-साथ बसपा, सपा और आप के नेताओं को भी अपने नेताओं को संभालना मुश्किल हो सकता है क्योंकि भाजपा जिस तरह से हारी हुई बाजी भी जीत रही है उस अन्य दलों के नेताओं का मनोबल टूट रहा है और वे विपक्ष में रहकर संघर्ष करने की बजाय सत्ताधारी दल के साथ जुड़कर राजनीति करने में समझदारी समझ रहे हैं।

कुल मिलाकर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर दलबदल का दौर आने वाला है हवा में वैसे तो कुछ बड़े नाम भी चल रहे हैं लेकिन स्थानीय स्तर पर समीकरणों के हिसाब से दल बदल किया जा सकता है।


**देवदत्त दुबे यह निजी विचार है।**

# अध्यात्म के सहारे कैंसर को परास्त करें



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

**हर साल लाखों लोग कैंसर से मरते हैं, जो विश्व स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण है। कैंसर से लड़ने के लिए सबसे जरूरी है कि हमें इस बीमारी के बारे में सब कुछ पता हो, इसे कैसे रोका जाए और इसको कैसे डायग्नोस किया जाए। कैंसर के प्रति जागरूकता लाने एवं इसकी जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने के लिये पूरी दुनिया विश्व कैंसर दिवस मनाता है, ताकि हर साल लाखों लोगों को असमय काल का ग्रास बनने से रोका जा सके। पेरिस (फ्रांस) में साल 2000 में कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के दौरान विश्व कैंसर दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल द्वारा इस दिवस को मनाया जा रहा है। वर्ष 2024 की थीम है 'देखभाल अंतर को बंद करें' है जो दुनियाभर में विभिन्न आय, आयु, लिंग, जातीयता आदि के समूहों की आबादी द्वारा सामना की जाने वाली कैंसर देखभाल सेवाओं तक पहुंच में अंतर को खत्म करने पर केंद्रित है।**



कैंसर एक ऐसा रोग है जिसके बारे में सुनकर ही लोग डर जाते हैं। कैंसर, वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं एवं बीमारियों में से एक है, जिसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। ग्लोबल बर्डन ऑफडिजीज का अनुमान है कि 2017 में कैंसर के कारण 9.56 मिलियन (95.6 लाख) लोगों की समय से पहले मौत हो गई। दुनिया में हर छठी मौत कैंसर के कारण होती है। मेडिकल क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रयोग और तकनीक विकास के चलते कैंसर अब लाइलाज बीमारी तो नहीं रही है, पर अब भी आम लोगों के लिए इसका इलाज काफी कठिन बना हुआ है। असाध्य बीमारी होने के बावजूद इस बीमारी को परास्त किया जा सकता है, अगर जिजीविषा एवं हौसला हो तो कैंसर को भी पस्त किया जा सकता है। हम जानते हैं कि हममें से हर एक में बदलाव लाने की क्षमता है, चाहे बड़ा हो या छोटा, और साथ मिलकर हम कैंसर के वैश्विक प्रभाव को कम करने में प्रगति कर सकते हैं। अक्सर वही लोग खतरे में पड़ते हैं, जो खुद को खतरे में महफूज समझते हैं या खतरे को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

मानव शरीर कई कोशिकाओं से मिलकर बना होता है। इनका समय-समय पर रिप्लेसमेंट होता है। जैसे-जैसे कोशिकाएं मरती जाती हैं उनकी जगह पर नई कोशिकाओं का निर्माण होता है। इन रिप्लेसमेंट के दौरान जो सेल मल्टिप्लीकेशन होता है उसके अंदर कोई एक विकृत कोशिका भी पैदा हो जाती है और यह असामान्य कोशिका ऐसी होती है जिस पर शरीर के सिस्टम्स का कोई नियंत्रण नहीं होता और यह सेल इस तरह मल्टीप्लाई करता है कि अंततोगत्वा यह ट्यूमर अथवा कैंसर का रूप अख्तियार कर लेता है। कैंसर कई प्रकार के हो सकते हैं, सभी उम्र के व्यक्तियों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। लक्षणों की समय पर पहचान और इलाज प्राप्त करके कैंसर से मृत्यु के जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। कैंसर विश्वभर में मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है। शरीर के किसी हिस्से में असामान्य कोशिकाओं की वृद्धि और इसका अनियंत्रित रूप से विभाजन कैंसर का कारक होती है। आनुवांशिकता, पर्यावरणीय, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी, रसायनों के अधिक संपर्क के कारण कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है। महिलाओं में सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर और पुरुषों में फेफड़े-प्रोस्टेट और कोलन कैंसर का खतरा सबसे अधिक देखा जाता रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में विज्ञान ने कैंसर के प्रकारों, कारणों और उपचारों में काफी विकास किया है। ऐसे तमाम आम और सेलिब्रेटी हैं, जिन्होंने कैंसर का सही समय पर जांच और इलाज करवाकर जीवन का सुख प्राप्त कर रहे हैं। इस दिशा में और भी जागरूकता और सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। कैंसर लाइलाज नहीं है, लेकिन इसका इलाज स्टेज 1 या स्टेज 2 में पता लग जाने और तुरन्त ऑपरेशन करके निकाल देने से संभव है। इन वर्षों में अनेक प्रभावी दवाइयों एवं इलाज प्रक्रियाएं भी सामने आयी है जैसे- टार्गेटेड थेरेपी है, इम्यूनो थेरेपी है। उससे लोगों को काफी आराम मिलता है। उससे अनेक लोगों का खतरा पूरी तरह या कुछ मात्रा में कम हुआ एवं जीवन में कुछ वर्ष बढ़े हैं। कैंसर ठीक होने के सवाल में एक और बात बताना जरूरी हो जाता है कि कैंसर एक लाइफस्टाइल बीमारी भी है। इसलिये जीवन को संतुलित एवं संयममय बनाकर इस बीमारी को कम किया जा सकता है। आप कैसे रहते हैं, क्या खाते हैं, क्या आपकी आदतें हैं, क्या आपकी बुरी आदतें है, उसपर भी निर्भर करता है। लाइफस्टाइल और आहार को पौष्टिक रखने के साथ शराब-धूम्रपान को छोड़कर कैंसर के खतरे से बचाव किया जा सकता है।

असंतुलित जीवनशैली ने आज एक नहीं कई शारीरिक समस्याओं के जोखिम को बढ़ा दिया है। कैंसर भी ऐसा ही एक जोखिम है जो लंबे समय तक नजरअंदाज किये जाने के कारण अक्सर गंभीर रूप धारण कर लेता है। अगर कुछ सावधानियों को जीवन का हिस्सा बना लें तो हम ऐसी समस्याओं को आने से पहले ही रोक सकते हैं। कैंसर अब एक तरह से जीवनशैली से जुड़ी बीमारी बनती जा रही है। कई बार तो लंबे समय तक यह बीमारी पकड़ में ही नहीं आती। इसका एक बड़ा कारण जागरूकता का अभाव भी है। हालांकि, कैंसर पूर्व के कुछ लक्षण दिखते हैं, जिन्हें आमतौर पर नजरअंदाज कर दिया जाता है। मुंह में सफेद या लाल धब्बे, शरीर में कहीं गांठ बन जाना और उसका बढ़ना, लंबे समय तक खांसी, कब्ज की लगातार समस्या, अधिक थकान और वजन में गिरावट जैसे लक्षणों को कतई नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

कैंसर को नियंत्रित करने में अध्यात्म की महत्वपूर्ण भूमिका है। क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति को आत्मविश्वास व मानसिक बल मिलता है। अध्यात्म के सहारे से जीवन की यात्रा को सुगम व सरल किया जा सकता है। इसे एक पारंपरिक उपचार प्रणाली के रूप में जाना जाता है, जो पूरे शरीर, मन और आत्मा में ऊर्जा के संतुलन और प्रवाह को पुनर्स्थापित करती है। जिस प्रकार दवाई हमारे शरीर के अंदर जाकर बीमारी को ठीक करती है, ठीक उसी प्रकार आध्यात्मिक इलाज हमारे मन को मजबूत बना कर किसी भी बीमारी से लड़ने की हिम्मत देता है। सुख-दुख, विपदाएं, वेदना, परेशानियां, कठिनाइयां और बीमारियों का सामना करते-करते व्यक्ति के अंदर से सकारात्मक ऊर्जा खत्म होने लगती है, जिस कारण व्यक्ति थक जाता है और अंदर से टूट जाता है। यह टूटन एवं निराशा कैंसर की सबसे बड़ी बाधा है। अध्यात्म में वो शक्ति है, जो हारे हुए व्यक्ति के जीवन में नई ऊर्जा भर देता है। अध्यात्म के बहुत सारे अंग हैं जैसे- योग, प्राणायाम, मंत्र साधना, ध्यान, आदि। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने आप को भीतर से मजबूत बना सकता है। यही वजह है कि जो व्यक्ति अपने जीवन में अध्यात्म को अपना लेता है, वो कैंसर से जुड़ी हर पीड़ा, वेदना एवं हर परिस्थिति का डटकर सामना करता है। ऐसा व्यक्ति जीवन में कभी हार नहीं सकता।

कैंसर संक्रामक रोग नहीं है। कैंसर के मरीजों से दूरी न बनाएं, बल्कि उनके साथ जुड़कर उनको मानसिक संबल दें, उनमें सकारात्मक सोच विकसित करें। कैंसर की जंग में सकारात्मक सोच रोगी का सबसे बड़ा हथियार हो सकता है। पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी युवराज सिंह हों या कई बॉलीवुड सितारे, सबने अपनी सकारात्मक सोच के जरिए ही कैंसर पर विजय हासिल की है। सकारात्मक सोच वाले शरीर पर ही दवाइयां अपना असर दिखती हैं। इसलिए कभी भी व्यक्ति को हताश नहीं होना चाहिए। योग से शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। योग तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायक है। यह शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और मानसिक तनाव को दूर करता है। रोजाना 30 मिनट तक योग करके कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है। **यह निजी विचार है।**

# विकसित भारत का रोडमैप और देश की आर्थिक सफलता की कहानी है अंतरिम आम बजट

**वर्ष 2024 में लोक सभा चुनाव होने जा रहे हैं, अतः केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए बजट में भारी भरकम घोषणाओं से बचते हुए दिनांक 1 फरवरी 2024 को लोकसभा में वोट ओन अकाउंट पेश किया। लोक सभा चुनाव के सम्पन्न होने के पश्चात एक बार पुनः वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट वित्त मंत्री महोदया द्वारा लोक सभा में पेश किया जाएगा। इस तरह से परम्परा का निर्वहन ही किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 वर्ष के लिए पेश किए किए गए बजट की मुख्य विशेषता यह है कि पूंजीगत व्यय को बढ़ाने के बावजूद वित्तीय घाटे को कम करने का सफल प्रयास किया गया है।**



वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए पेश किए गए केंद्रीय बजट में 7.5 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया था। इसे वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पेश किए गए बजट में बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया था और अब वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए बजट में 11.11 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है। यदि किसी देश में पूंजीगत व्यय की मात्रा बढ़ाई जाती है तो इससे उस देश के लिए आय के साधन भी बढ़ते हैं। यह तथ्य भारत के मामले में भी उजागर होता दिखाई दे रहा है। पिछले दो वर्षों के दौरान लगातार भारी भरकम राशि के पूंजीगत व्यय के कारण अब देश की सकल आय में भी वृद्धि दृष्टिगोचर है। न केवल अप्रत्यक्ष कर, वस्तु एवं सेवा कर, की औसत मासिक वसूली 1.66 लाख करोड़ रुपए से भी अधिक की हो गई है बल्कि प्रत्यक्ष करों में भी 25 प्रतिशत से भी अधिक की वृद्धि दर्ज हो रही है। जिसके चलते केंद्र सरकार को पूंजीगत व्यय को बढ़ाने के साथ ही वित्तीय घाटे को नियंत्रित करने में भी सफलता मिल रही है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों से 23.24 लाख करोड़ रुपए की कुल आय अनुमानित है और कुल खर्च 44.90 लाख करोड़ रुपए का अनुमान लगाया गया है, जबकि वित्तीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद का, 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों से कुल आय बढ़कर 30.80 लाख करोड़ रुपए रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है तो कुल व्यय 47.66 लाख करोड़ रुपए रहने की सम्भावना है। इस प्रकार वित्तीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद का, 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय घाटे को वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4.5 प्रतिशत तक नीचे लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वित्तीय घाटा कम होने का सीधा-सा अर्थ है कि केंद्र सरकार को बाजार से कम ऋण लेने की आवश्यकता होगी क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा पूंजीगत खर्च में बढ़ौतरी के चलते आय के साधन बढ़ रहे हैं। इससे भारतीय बैंकों को निजी क्षेत्र को ऋण उपलब्ध कराने हेतु अधिक राशि उपलब्ध होगी। वैसे भी, पिछले दो वर्षों के दौरान केंद्र सरकार द्वारा किए गए भारी भरकम पूंजीगत खर्च के चलते देश के आर्थिक चक्र में जो गति आई है उसके कारण उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज हुई है एवं विभिन्न विनिर्माण इकाईयां अपनी उत्पादन क्षमता का 75 प्रतिशत से अधिक उपयोग करने लगी हैं। इस स्थिति के बाद सामान्यतः विनिर्माण इकाईयों के लिए अपनी उत्पादन क्षमता में वृद्धि करना आवश्यक हो जाता है। अतः अब उद्योग क्षेत्र को अधिक पूंजी की आवश्यकता होगी जिसे बैंकों से ऋण लेकर पूरा किया जा सकता है। अतः केंद्र सरकार अपने संसाधनों का उचित उपयोग करते हुए अभी से यह प्रयास कर रही है कि उसे स्वयं कम ऋण की आवश्यकता हो ताकि यह राशि उद्योग क्षेत्र को ऋण के रूप में उपलब्ध करायी जा सके। इस प्रकार, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने इस बजट के माध्यम से पूंजीगत खर्च को बढ़ाने के बावजूद वित्तीय घाटे को कम करने का सफल प्रयास किया है।

पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत के नागरिकों ने वित्तीय क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव देखे हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रयास किया गया है कि भारत में सर्वसमावेशी, सर्वांगीण एवं सर्वस्पर्शी विकास हो। देश में खाद्यान की चिंता दूर हुई है। ग्रामीण इलाकों के प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लगभग एक करोड़ नए मकान निर्मित किए गए हैं, हर घर नल योजना के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में घरों तक पीने का पानी उपलब्ध कराया गया है एवं मातृशक्ति को कुकिंग गैस उपलब्ध कराई गई है। 50 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं ताकि केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे ही इन बैंक खातों के माध्यम से हितग्राहियों के हाथों में पहुंचे। 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के अंतर्गत 11.8 करोड़ किसानों को 6,000 रुपए प्रतिवर्ष सम्मान निधि सीधे उनके खातों में जमा की जा रही है। 4 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिल रहा है। फसलों की विभिन्न पैदावार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य के माध्यम से किसानों की आय को बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं। कुल मिलाकर, पिछले 10 वर्षों के दौरान 25 करोड़ नागरिकों को गरीबी रेखा के ऊपर लाने में सफलता मिली है। इससे अब भारतीय नागरिकों की अपेक्षाएं भी बढ़ गई हैं।

अतः नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करते हुए माननीया वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए बजट में घोषणा की है कि एक करोड़ नागरिकों को, जो सोलर पेनल का उपयोग करेंगे, 300 यूनिट बिजली मुफ्त में प्रदान की जाएगी ताकि भारत में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा सके और पेट्रोल, डीजल एवं कोयले के उपयोग को कम किया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अगले 5 वर्षों में 2 करोड़ अतिरिक्त नए मकान बनाए जाएंगे ताकि देश के प्रत्येक परिवार के पास अपनी छत उपलब्ध हो सके। आगे आने वाले कुछ वर्षों में लखपति दीदी बनाने के उद्देश्य से 9 करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़े जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ताकि मातृशक्ति रोजगार देने वाली बनें। देश में अभी तक एक करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से लखपति दीदी बनाया जा चुका है। इस लक्ष्य को अब 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया जा रहा है।

देश में अधोसंरचना को विकसित करने के उद्देश्य से रेल्वे के तीन नए कोरिडोर बनाए जाने का प्रावधान भी किया गया है। प्रथम, ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा। द्वितीय, पत्तन गलियारा एवं तृतीय अधिक यातायात वाला गलियारा। यह तीन गलियारे पूर्व में ही विकसित किए जा रहे समर्पित माल गलियारे के अतिरिक्त होंगे। इन तीन गलियारों के विकसित होने के बाद देश में रेल्वे की सुविधाओं में और अधिक सुधार होगा। इसी प्रकार देश में हवाई अड्डों की संख्या भी बढ़कर 149 हो गई है एवं अब कई 2 एवं 3 टायर शहरों में भी हवाई अड्डों का निर्माण किया जा चुका है। भारत में कार्य कर रही विभिन्न विमानन कम्पनियों द्वारा 1000 नए विमानों को खरीदने का ऑर्डर दिया जा चुका है। कुल मिलाकर देश में अधोसंरचना के क्षेत्र में, रोड, रेल, हवाई मार्ग एवं जल मार्ग सहित, अतुलनीय सुधार हुआ है।

केंद्र सरकार रेवड़ियां बांटने के स्थान पर देश में आधारभूत संरचना को विकसित करने पर अधिक जोर दे रही है। इससे देश की सकल आय में वृद्धि हो रही है और युवा, महिला, किसान एवं गरीब वर्ग के हितार्थ नई नई योजनाएं चलाने में आसानी हो रही है। देश के समस्त परिवारों के लिए अपनी छत, जल, शिक्षा, स्वास्थ्य की व्यवस्था किए जाने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। इससे देश के नागरिकों में विश्वास पैदा हो रहा है।

-प्रह्लाद सबनानी सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक

# संयुक्त रूप से मनाया गया वार्षिकोत्सव



**पामगढ़ – संवाददाता।**

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भलवाही में मनाया गया संयुक्त रूप से वार्षिक उत्सव, जिसमे शासकीय प्राथमिक शाला भलवाही एवं शासकीय प्राथमिक बांधापारा भलवाही सम्मिलित रहे ,, विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष कुमार लहरे जी कार्यक्रम में शामिल रहे उन्होंने बच्चो को लगातार प्रगति प्राप्त करने के लिए सतत परिश्रम करते रहने की प्रेरणा दी उन्होंने स्वामी आत्मानंद के जीवन परिचय ,स्वामी विवेकानंद के संघर्ष और डाक्टर भीम राव अंबेडकर के परिश्रम के उदाहरण से बच्चों को पढ़ाई का महत्व को समझाया ,,अपने मुकाम तक, जब तक नहीं पहुंचते तब तक हार नहीं मानने जैसे उदाहरणों से बच्चो में उत्साह भरा साथ ही गांव के लोगो को भी शिक्षा प्रति जागृत रहने को कहते हुए नशा से दूर रहने जैसी बातों से सलाह दिया ,, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकाश खंड के शिक्षा अधिकारी मोहन लाल कौशिक उपस्थित रहे ,विकाश खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का महत्व को समझाते हुए कहा इस तरह के आयोजन से बच्चों के अंदर छुपे हुनर सामने आते हैं साथ ही संयुक्त रूप से तीनों स्कूलों के आयोजन पर सभी शिक्षक शिक्षिका को बधाई दिया ,,संकुल के शैक्षिक समन्यवक खमेश्वर बंजारे ने तीनों स्कूलों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से संस्कृति से जुड़े रहने ,बच्चों में कला के प्रति उत्साह बना रहता है साथ ही इससे बच्चे स्वस्थ रहते हैं इससे बच्चों में बौद्धिक क्षमता व शारीरिक मानसिक विकाश भी होता है । कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य ,नाटक प्रहसन की सुन्दर प्रस्तुति दी ,, इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में चैतराम बनर्जी प्रधान पाठक, बलिराम रात्रे प्रधान पाठक श्रीमती निर्मला कौशिक प्रधान पाठक श्रीमती गीता साहू प्रधान पाठक , भीम कुमार अंचल ( प्रभारी प्रधान पाठक),, विष्णु पटेल, केशव पटेल, कमलेश नवरत्न , गोवर्धन कश्यप, चंद्रशेखर शेखर कश्यप, अनीश किरण सूर्यवंशी संत राम जोशी , श्रीमती अर्चना जोशी,श्रीमती सुनीता लहरे,श्रीमती नीलिमा सिंह मरकाम, एवम् गांव के पालक उपस्थित रहे, कार्यक्रम के मंच संचालन का कार्य दिनेश कुमार निराला ने किया ।

# अवैध परिवहन एवं उत्खनन करते पाये जाने पर 14 वाहन जप्त







## अवैध खनन व परिवहन के मामले में प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में खनिज विभाग के उडनदस्ता दल प्रभारी श्री उत्तम प्रसाद खूँटे, सहायक उडनदस्ता दल प्रभारी श्री पी.डी. जाडे एवं टीम द्वारा जिला जांजगीर-चांपा के चांपा, बिरगहनी, शिवरीनारायण क्षेत्र में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण करने वाले वाहनों, स्थानों का औचक जांच किया गया। खनिज अधिकारी श्री हेमंत चेरपा ने बताया कि जांच के दौरान जिले के शिवरीनारायण क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भोगहापारा से 02 स्थानों पर 02 नग 210 चैन माउंटेन, 01 जेसीबी एवं 06 हाईवा खनिज रेत के अवैध उत्खनन कार्य में संलिप्त पाया गया जिसे जप्त कर अवैध उत्खनन का 02 प्रकरण दर्ज किया गया है। इसके साथ ही अवैध परिवहन करने वाले खनिज रेत के 02 प्रकरण (2 हाईवा) खनिज कोयला के 02 प्रकरण ( 1 ट्रक, 01 हाईवा ) तथा खनिज चूना पत्थर के 01 प्रकरण (1 हाईवा) करते पाया गया जिसे जप्त कर अवैध परिवहन के कुल 05 प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन करने वाले कुल 14 वाहनों को जब्त कर प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जाँच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## संस्था परिवर्तन तथा संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनों परिवर्तन के लिए 07 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित

जांजगीर-चांपा, भारत सरकार के नियमानुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कालेज स्तर) के विद्यार्थियों का पंजीयन, स्वीकृति एवं भुगतान विभागीय पोर्टल httpsÑ//postmatric-schoarship.cg.nic.in के माध्यम से किया जा रहा है। ऐसे विद्यार्थी जो संस्था परिवर्तन तथा संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनों परिवर्तन करना चाहता है, भारत सरकार के नियमानुसार पात्रता रखने वाले ऐसे विद्यार्थी 07 फरवरी तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जांजगीर पुराना कलेक्टर परिसर जांजगीर (छात्रवृत्ति शाखा) में आवेदन कर सकते है। जिन विद्यार्थियों द्वारा पूर्व में आवेदन जमा किया जा चुका है। उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। अधिक जानकारी के कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जांजगीर पुराना कलेक्टर परिसर पर संपर्क कर सकते हैं।



## भगत के करीबी इंजीनियर और व्यापारी हिरासत में



**रायपुर।** कोयला घोटाले मामले में शामिल कांग्रेस नेता अमरजीत भगत के ठिकानों पर गुरुवार को भी आयकर विभाग की कार्रवाई जारी है। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ की टीम ने पूर्व मंत्री के पीए, उनके करीबी SI और व्यवसायी के ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। सभी को हिरासत में लिया गया है। 17 जनवरी को ईडी ने एफआईआर दर्ज कराई है।

भगत के अंबिकापुर के अलावा सीतापुर के बंगले में भी बुधवार को छापा मारा गया था। अमरजीत भगत के रायपुर स्थित आवास सरगुजा कुटीर में भी ढ्ढञ्ज टीम दस्तावेज खंगाल रही है। करीब दो एकड़ में बंगला, मंदिर, गार्डन और दफ्तर है। छापे के बाद अमरजीत की तबीयत बिगड़ी थी। उन्होंने कहा कि, कार्रवाई परेशान करने के लिए की जा रही है। बताया जा रहा है कि कोयला घोटाले के आरोपी कारोबारी सूर्यकांत तिवारी की डायरी में अमरजीत भगत का नाम है और उन पर 50 लाख रुपए लेने का जिक्र डायरी में है। अमरजीत भगत के करीबी सिविल इंजीनियर प्रमोद टोप्पो को टीम ने हिरासत में लिया है। उसे पुंदुरडिहारी से पकड़ा है और फ्लिहाल अमरजीत के घर में रखा है। अंबिकापुर के कांग्रेस कार्यालय का निर्माण भी टोप्पो ने कराया था। बलरामपुर में अमरजीत भगत के निजी सहायक राजेश वर्मा के घर से लाखों रुपए नगद, जेवरात और कई जमीनों के दस्तावेज जब्त करने की खबर है।

# शहीद जवानों के परिजनों को मिलेंगे 10-10 लाख

**रायपुर**

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि सुकमा जिले के टेकलगुड़ेम में बीते 30 जनवरी को नक्सल मुठभेड़ में शहीद तीनों जवान के परिजनों को 10-10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णदेव साय ने आज कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर में आयोजित झुमका जल महोत्सव के अवसर पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान यह घोषणा की। यह आर्थिक सहायता राशि शहीद जवानों को राज्य और केन्द्र सरकार की ओर से मिलने वाली राशि से अतिरिक्त है। ज्ञातव्य है कि 30 जनवरी को प्रदेश के सुकमा जिले के जगरगुण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम टेकलगुड़ेम में नक्सलियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमलें का मुंहतोड़ जवाब देते हुए तीन जवान शहीद हो गए थे। जिसमें 201 कोबरा सीआरपीएफ बटालियन के आरक्षक श्री देवेन सी. और आरक्षक श्री पवन कुमार तथा 150वीं बटालियन के आरक्षक श्री लम्बाधर सिंघा शहीद को गए थे। इस घटना में 16 जवान घायल हो गए थे जिसमें से 8 जवानों को बेहतर उपचार के लिए राजधानी रायपुर लाया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय 30 जनवरी की शाम को ही अस्पताल पहंचकर घायल जवानों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना था।




# तीन करोड़ 80 लाख के नकली नोट बरामद

**महासमुद।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में पुलिस ने नकली नोटों की बड़ी बरामद की है। खबरों के अनुसार पुलिस ने तीन करोड़ 80 लाख के नकली नोट बरामद किए हैं। पुलिस ने नकली नोट के साथ एक आरोपित को भी पकड़ा है। बताया जा रहा है कि आरोपित नकली नोटों को लेकर सरायपाली के रास्ते रायपुर जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने आरोपित को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है।



दरअसल, यह पूरा मामला सरायपाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार महासमुंद की सरायपाली पुलिस और साइबर सेल ने 3 करोड़ 80 लाख के 500- 500 के नकली नोट सहित 1 आरोपित गिरफ्तार किया है। आरोपित साड़ियों की आड़ में नकली नोटों को छुपाकर ले जा रहा था। बताया जा रहा है कि आरोपित सारंगढ़ से सरायपाली के रास्ते नकली नोटों को रायपुर ले जा रहा था। पुलिस ने 3 करोड़ 80 लाख के नकली नोट सहित पिकप वाहन जब्त कर लिया है। नकली नोटों में पांच-पांच सौ के 760 बंडल नोट बरामद हुए हैं।

# पूजा-पाठ शुरु



**एजेंसी।**

वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में 31 साल बाद पूजा-अर्चना हो रही है. गुरुवार (1 फरवरी) सुबह लोग पूजा करने के लिए तहखाने में पहुंचे हैं. वाराणसी की जिला अदालत से बुधवार (31 जनवरी) को हिंदू पक्ष को बड़ी राहत मिली, जब कोर्ट ने परिसर में मौजूद तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दिया. हिंदुओं को ज्ञानवापी के व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ करने का अधिकार मिला है. अदालत ने वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को हिंदू पक्ष और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा नामित एक पुजारी के जरिए की जाने वाली पूजा की व्यवस्था करने का निर्देश दिया. 17 जनवरी को वाराणसी जिला अदालत ने जिला मजिस्ट्रेट को रिसीवर नियुक्त करते हुए उन्हें तहखाने को सुरक्षित रखने और इसमें कोई बदलाव न करने का निर्देश दिया.

24 जनवरी को अपर जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने डीएम को तहखाने का रिसीवर बनाकर उसे अपनी कस्टडी में लेने के संबंध में कार्यवाही पूरी की।

# ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि डीआरडीओ ने पीएसएलवी सी-58 द्वारा लॉन्च किए गए पेलोड पर कक्षा की कार्यक्षमता में डीआरडीओ की प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) योजना के तहत विकसित एक ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है।



मंत्रालय ने कहा कि ऊंचाई नियंत्रण और सूक्ष्म उपग्रहों को कक्षा में बनाए रखने के लिए 1एन क्लास ग्रीन मोनोप्रोपेलेंट थ्रस्टर की इस परियोजना को मंजूरी दी गई है जिसे बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (विकास एजेंसी) ने विकसित किया है। इसमें कहा गया है कि इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी), बेंगलुरु में पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल (पीओईएम) से टेलीमेट्री डेटा को जमीनी स्तर के समाधान के साथ वैलिडेट किया गया है और यह सभी प्रदर्शन मापदंडों से अधिक पाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इस नवोन्मेषी तकनीक के परिणामस्वरूप कम कक्षा वाले स्थान के लिए एक नॉन-टॉक्सिक और पर्यावरण-अनुकूल प्रणोदन प्रणाली तैयार हुई है।

# न्यायाधीशों को अच्छे प्रबंधन के कौशल को विकसित करने के साथ ही तकनीकी रूप से निपुण होना चाहिए : रमेश सिन्हा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी में बांग्लादेश के 50 न्यायिक अधिकारियों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में मुख्य न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा ने अकादमी पहुँचकर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को यादगार बना दिया। मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने न्यायपालिका में न्यायालय प्रबंधन और तकनीक के उपयोग विषय पर सारगर्भित व्याख्यान देते हुए कहा कि न्यायपालिका का मुख्य कार्य निष्पक्ष और शीघ्र न्याय प्रदान करना है उन्होने अपने उद्बोधन में इस बात पर जोर दिया कि न्यायाधीशों को कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए ना केवल अच्छा प्रबंधक होना आवश्यक है बल्कि तकनीकी रूप से निपुण होना भी आवश्यक है। उन्होंने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के कार्य और न्यायालय की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग प्रकिया से भी बांग्लादेश के न्यायिक अधिकारियों को अवगत कराया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न्यायाधीशों की व्यावसायिक क्षमताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से बारीकी से तैयार किया गया था। इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवक्ता के रूप में कानून के विभिन्न क्षेत्रों से विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया था, इस दौरान छत्तीसगढ़ उच्च न्यायायल के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. निर्मल शुक्ला, श्रीमति फौजिया मिर्जा ने बांग्लादेश से आये न्यायाधीशों के समक्ष व्याख्यान दिया। बांग्लादेश से आये न्यायाधीशों को अधिवक्ता श्री अमृतो दास एवं श्रीमति नौशीना अली ने संबोधित किया था। हिदायतुल्ला विधि विश्वविद्यालय के विधि संकाय से श्री अनिन्द्य तिवारी और कलिंगा विश्वविद्यालय के श्री आयुश गोंडाले ने भी न्यायाधीशों को विभिन्न विषयों पर संबोधित किया। प्रशिक्षण का एक-एक सत्र को वन विभाग के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक अधिकारी श्री अरूण पाण्डेय, सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार जनरल श्री अशोक पण्डा और राज्य के न्यायिक अधिकारी श्री के.एल. चरयाणी एवं पंकज शर्मा ने भी सम्बोधित किया। छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी की निदेशक श्रीमति सुषमा सावंत एवं अतिरिक्त निदेशक श्रीमति गरिमा शर्मा ने भी भारत में प्रचलित विधिक सिद्धांतों से बांग्लादेश के न्यायिक अधिकारियों को अवगत कराया। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बांग्लादेश के न्यायिक अधिकारियों के ठहरने की व्यवस्था छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के हॉस्टल में की गई थी। यह सम्पूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम अकादमी के पेटन-इन-चीफ एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन में किया गया था। छत्तीसगढ राज्य न्यायिक अकादमी के चेयरमेन, न्यायाधिपति श्री संजय के. अग्रवाल ने, ना केवल प्रशिक्षण की प्रत्येक व्यवस्थाओं पर अपनी नजर रखी बल्कि प्रत्येक कदम पर अकादमी के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिये और इस प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने लगातार दो दिवस एक-एक सत्र में दांडिक अपील एवं सिविल अपील के संबंध में विस्तारपूर्वक न्यायिक अधिकारियों को संबोधित किया। बांग्लादेश के न्यायिक अधिकारियों को उनके दोनों ही सत्र उपयोगी लगे।



GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
MAHANADI GODAWARI BASIN
RAIPUR (C.G.)

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

CORRIGENDUM No- 01

In System Tender 151080 /NIT No. :11/SAC/2023-24, Mahasamund, Dated : 09.01.2024 Whose G-Number is 07067 dated 11.01.2024
following amendments are made :-

| PARTICULARS | EARLTER | AMENDMENT |
|---|---|---|
| 1. Online Tenders are invited up to | 30.01.2024 at 17.30 Hour | 15.02.2024at 17.30 Hour |
| 2. Bid Open Start Date and time: | 31.01.2024, 11:30 Hours | 16.02.2024, 11:30 Hours |

Note :- All other terms and conditions will remain be unchanged.

EXECUTIVE ENGINEER
Water Resources Division, Mahasamund
for, Chief Engineer, Mahanadi Godawari Basin
Water Resources Department, Raipur (C.G.)

G-07427/15

# गत वर्ष की तुलना में 101 प्रतिशत अधिक कृषकों से हुई धान खरीदी

### खरीदी के साथ तेजी से हो रहा उठाव

### कलेक्टर के निर्देशन में सुचारू रूप से संचालित हो रही धान खरीदी की प्रक्रिया

### मुख्यमंत्री घोषणा अनुसार आगामी 4 फरवरी तक की जाएगी धान खरीदी

**जांजगीर-चाम्पा संवाददाता।**



कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है। कलेक्टर स्वयं खरीदी केंद्रों में सतत निरीक्षण करते हुए जानकारी ले रहे है। कलेक्टर के दिशा निर्देशन में कुल 129 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जा रही है। जिले में वर्ष 2023-24 में 175863 मेट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। इस प्रकार वर्ष 2023-24 में अभी तक 902 अधिक कृषकों (गत वर्ष की तुलना में 101 प्रतिशत अधिक कृषक) से धान खरीदी हुई है। जो खरीफ2022-23 से इस वर्ष 175863 मे. टन (37 प्रतिशत) अधिक धान की खरीदी हुई है। इस वर्ष 01 नवम्बर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक धान खरीदी करने की समय-सीमा थी जिसमें मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा समय-सीमा में वृद्धि करते हुए धान खरीदी 04 फरवरी 2024 तक किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिले में 1 फरवरी को 46 धान खरीदी केन्द्रों में 5600 क्विंटल. धान खरीदी किया गया एवं 2 फरवरी को 16800 क्विंटल धान के खरीदी के लिए कृषकों के टोकन जारी किये गये है। 3 एवं 4 फरवरी के लिए कृषकों के टोकन जारी किये जा रहे हैं।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जांजगीर-चांपा जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। जिले में कुल 101 समितियों के माध्यम से 129 धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। जिले में कुल पंजीकृत कृषकों की संख्या 122831 है, जिनका पंजीकृत रकबा 129574.90 हेक्ट. है। अभी तक जिले में 637928 मे.टन धान की खरीदी 118014 कृषकों से की जा चुकी है, जिनके बेचे गए धान का रकबा 122938 हेक्ट. है। इस प्रकार जिले के 96 प्रतिशत कृषकों से 95 प्रतिशत रकबे में धान खरीदी की जा चुकी है। गत खरीफ वर्ष 2022-23 में कुल 117112 कृषक पंजीकृत थे, जिनका 127997.96 हे. रकबा पंजीकृत था जिनसे 462065.96 मे. टन धान खरीदी किया गया था जो कि कुल कृषकों का 97.32 प्रतिशत एवं कुल रकबे का 97.57 प्रतिशत था।

लोकशक्ति www.lokshakti.in

## कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक ली

# आम जनों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले – कलेक्टर

### संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के दिए निर्देश

**जांजगीर-चांपा**

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। बैठक में वर्तमान में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, आमजनों तक सेवाओं की पहुंच, स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति, चिकित्सकों की उपलब्धता, चिकित्सकीय उपकरणों, दवाइयों की उपलब्धता सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली गई। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यक्रमों में जिले के परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने स्वास्थ्य अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग एवं फील्ड विजिट करने निर्देश दिए गए।



बैठक में कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती माताओं के संस्थागत प्रसव और नियमित जांच सहित उनके एवं बच्चों के टीकाकरण का बढ़ावा हेतु व्यक्ति रूचि लेकर कार्य करें। स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी समय पर पहुंचे और अपने कार्य को जिम्मेदारी के साथ पूरा करें। लोगों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मिले। कलेक्टर श्री छिकारा ने जिले में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव के लिए लोगों को प्रेरित करने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से पंचायत स्तर पर प्रारम्भ से ही गर्भवती महिला की जानकारी एकत्र कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान कर जागरूक करें। साथ ही हाई रिस्क गर्भवर्ती माताओं का विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने टीकाकरण के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि, कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित ना रहे। कलेक्टर ने जिले में मलेरिया कार्यक्रम, डेंगू कार्यक्रम, फाइलेरिया कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पिछले तीन सालों में केस पाए गए है वहां अभियान चलाकर डीडीटी, क्लोरीन, साफ-सफाई के प्रति लोगो का जागरूक करने कहा है। कलेक्टर ने मेंटल हेल्थ के संबंध में हर 15 दिवस में स्कूल, कॉलेज, स्वास्थ्य केन्द्रों में कैंप लगाने के निर्देश दिए हैं।



कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं के संचालन में प्रगति लाने हेतु आवश्यक कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। समीक्षा बैठक में जिला मिशन समन्वयक श्री उत्कर्ष तिवारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बढ़ती बेरोजगारी और न्याय का हक मिलने तक नारे के साथ युवा कांग्रेसियों ने निकाली मशाल





**जांजगीर-चाम्पा ।** केन्द्र की मोदी नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा चुनाव पूर्व प्रतिवर्श 2 करोड़ बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने का वादा पूरा न करने एवं प्रदेश भाजपा द्वारा किसानों को एक मुष्त 3100 रू देने में आनाकानी करने के विरोध में एवं देष के लाखों बेरोजगार युवाओं की आवाज को बुलंद करने के उद्देष्य से प्रदेष युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाष षर्मा के निर्देष पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस षर्मा के संयोजकत्व में नगर के नेताजी चैक से लेकर जय स्तंभ परिसर, कचहरी चैक तक सैकड़ों की तादात में उपस्थित युवा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बढ़ती बेरोजगारी और न्याय का हक मिलने तक नारे के साथ युवा कांग्रेसियों ने मषाल रैली निकालकर केन्द्र की मोदी सरकार के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की ।

रैली में प्रमुख रूप से इंका नेता दिनेष षर्मा, नपाप अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल, इंका नेता देवेष सिंह व रमेष पैगवार, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष द्वय विवेक सिसोदिया व रफीक सिद्दिकी, जनपद उपाध्यक्ष पुश्पेन्द्र प्रताप सिंह, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पप्पू षर्मा, महामंत्री प्रवक्ता षिषिर द्विवेदी व हृशिकेष उपाध्याय, कमलेष सिंह बाबा, हीरा उपाध्याय, महारथी बघेल, रफीक खान, अजीत सिंह राणा, पालिका के सभापतिगण रामबिलास राठौर, विश्णु यादव, रामकुमार यादव, संतोष बोबई, राजू षर्मा, प्रीतम कष्यप, परमेष्वर निर्मले, राजा सिद्दिकी, सुश्री मनोरमा, प्रदेष युंका महासचिव गौरव सिंह, विधानसभा अध्यक्ष पंकज षुक्ला, नगर युंका अध्यक्ष द्वय भोलु यादव व बहादुर यादव, दिनेष महंत, पुश्पेन्द्र गढ़ेवाल, राजा खान, संस्कार राठौर, षहबाज खान, आकाष सिंह, सौरभ सिंह, दुश्यंत यादव, नरसिम्हा यादव, गुड्डु पठान, मयंक थवाईत, चुन्नू थवाईत, दिलीप कष्यप, प्रषांत सिंह, भीमेष्वर श्रीवास, महेन्द्र पाटले, सुजल साहू, गोलू, पक्कू, नकुल सूर्यवंषी, गोलू सूर्यवंषी, संतोष दुबे, दौलत कष्यप, गौतम राठौर, सतीष, आदित्य, आषीश, जितेन्द्र दिनकर, सुषील गढ़ेवाल, जयंत कुमार, फरीद खान, दीपक यादव, अखिल गढ़ेवाल, सोनू सूर्यवंषी, आर्यन यादव, आकाष मसीह, बिट्टू गढ़ेवाल, राजू लसार, षिवानंद लसार, राकेष कुमार, नरेन्द्र रत्नाकर सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे ।



# कलेक्टर ने किया इंटरनेशनल कराटे टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों का सम्मान, दी बधाई



### कलेक्टर ने किया इंटरनेशनल कराटे टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों का सम्मान, दी बधाई

**जांजगीर-चांपा** हैदराबाद में आयोजित इंटरनेशनल कराटे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने 18 गोल्ड मेडल जीत कर पूरे विश्व में भारत सहित छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर आज कलेक्टोरेट कार्यालय में कलेक्टर श्री आकाश छिकारा सहित पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश, जांजगीर विधायक श्री ब्यास कश्यप, अकलतरा विधायक श्री राघवेंद्र कुमार सिंह एवं जैजैपुर विधायक श्री बालेश्वर साहू मौके पर मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित करते हुए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

कराटे एसोसिएशन ऑफ जांजगीर-चाम्पा के उपाध्यक्ष श्री मुरली नायर ने बताया कि हैदराबाद में वर्ल्ड नाकायामा सोतो कांन कराते के तत्वावधान में द्वितीय वर्ष सेकंड इंटरनेशनल ओपन इनविटेशन मार्शल आर्ट चैंपियनशिप 2024 का आयोजन 28 जनवरी 2024 को आयोजित किया गया था। छत्तीसगढ़ कराते एसोसिएशन ऑफ जांजगीर चाम्पा के अध्यक्ष श्री रामू भैना उपाध्यक्ष के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया था, जिसमे कविता कश्यप, ममता कौशिक, छाया कौशिक, श्री नायर, ज्योति भारद्वाज, रितिका कुर्रे, तमन्ना पटेल, गजरा निषाद, अमन नामदेव, भुवन भैना, आशुतोष नायर, दीपेंद्र यादव, अविनाश यादव, सौनक राणा, निमेश साहू सम्मिलित हुए।



# जिले में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों का तत्काल जारी किया जा रहा पीपीओ, जीपीओ

### 31 जनवरी को सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पेंशन भुगतान आदेश जारी

**जांजगीर-चांपा** जिले अंतर्गत 31 जनवरी 2024 को सेवानिवृत्त होने वाले 05 कर्मचारियों को आज पीपीओ और जीपीओ की कॉपी कलेक्टर श्री आकाश छिकारा एवं पूर्व विधायक श्री सौरभ सिंह द्वारा प्रदान किया गया। पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए कोषालय द्वारा किए जा रहे इस पहल की पूर्व विधायक एवं कलेक्टर द्वारा सराहना की गई। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में श्री शिव कुमार, श्रीमती एफ कुजूर, श्री अर्जुनलाल, श्रीमती रामकली, श्री मनोज कुमार तिवारी शामिल रहे। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को कलेक्टर ने स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए सबको शुभकामना दी। इस अवसर पर कोषालय अधिकारी श्री रूपेश पाठक, सहायक कोषालय अधिकारी श्रीमती स्मिता पांडे, श्री कमल कुर्रे, श्री संजय बंजारे, श्री महेंद्र पाठक आदि उपस्थित रहे।

## काम करने में रखता हूं विश्वास – ब्यास कश्यप

# प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में पत्रकारों से हुए रूबरू

**जांजगीर चांपा – संवाददाता।**

**मुझे जिस भी काम की जवाबदारी मिलता है , उसे बखूबी से करने में विश्वास रखता हूं और योजनाबद्ध ढंग से अंतिम पड़ाव तक अंजाम भी देता हूं । उक्त उद्गार जांजगीर चांपा विधान सभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक ब्यास नारायण कश्यप ने आज जिला प्रेस क्लब द्वारा आयोजित प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में पत्रकारों से मुताखिब होते हुए ब्यक्त किए । उन्होने अपने जीवन के प्रारंभ से लेकर अब तक की यात्रा का बात बताते हुए बताया कि उनका जन्म नैला के कृषक परिवार में हुआ जिसमे दो परिवार की संयुक्त परिवार शामिल है ।**

अपने जन्म के बारे में बताया कि 1 फरवरी1966को उनका जन्म हुआ था जिसके बाद सात साल की आयु में प्रारंभिक शिक्षा नैला से करते हुए टीसीएल कालेज से स्नातक करना बताया वहीं शिक्षा के दौरान ही उनका विवाह होना भी बताया तथा उन्होंने बताया कि पहले उनका नाम कुंभ नाथ रखा गया, बाद में गुरुजनों द्वारा नाम को बदलकर ब्यास नारायण किया गया ।





**पढ़ाई काल से ही शाखा से जुड़े रहे** – उन्होने इस दौरान बताया कि शिक्षा काल से ही संगत के अनुसार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखा से जुड़े रहे जिसके बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद , भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा , मंडल अध्यक्ष , जिला महामंत्री व जिला उपाध्यक्ष के साथ भारतीय जनता पार्टी से पार्षद व पत्नी को जिला पंचायत अध्यक्ष बनवाने तक सफर किया । परिस्थितिवश बसपा से विधान सभा चुनाव लड़ा जिसके बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बुलावे पर कांग्रेस प्रवेश किया जिसके बाद मुझे जांजगीर चांपा मंडी का जवाबदारी प्रदान किया , जहां मैंने किसानो की हित के लिए लगातार काम किया ।

### जनता की प्रेम से मिला मुझे टिकट –

मैंने 2018 में बसपा से विधायक के लिए चुनाव लडा जिसमें मुझे 33000 हजार से अधिक वोट हासिल किया , वही जनता का प्यार मुझे कांग्रेस पार्टी से टिकट दिलाने व विधायक बनाने में आशीर्वाद के रुप में काम आया । आज की चर्चा के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा , जिला प्रेस क्लब के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे ।

## सार–समाचार

### कमिश्नर डॉ. संजय अलंग ने संभाला आयुष विवि के कुलपति का प्रभार



**रायपुर।** संभागायुक्त डॉ संजय अलंग ने कुलाधिपति के आदेश पर पं दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विवि, उपरवारा, नवा रायपुर के कुलपति का प्रभार संभल लिया है। गौरतलब है कि आयुष विवि के कुलपति के रिक्त पद को भरे जाने के लिए राज्यपाल और कुलाधिपति के आदेश पर वैकेंसी निकाली गई है, जिसके लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12 फरवरी तय की गई है। इस बीच यहां के कुलपति का प्रभार कमिश्नर डॉ संजय अलंग संभालेंगे।

### उपमुख्यमंत्री अरूण साव के ओएसडी बनाए गए विपुल कुमार गुप्ता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विपुल कुमार गुप्ता को उपमुख्यमंत्री अरूण साव के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में पदस्थ किया गया है। इस संबंध में राज्य शासन ने आदेश जारी किया है।

### क्रेडा द्वारा 83 'पीएम श्री स्कूल' के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पीएम श्री स्कूलों को तेजी से अपग्रेड किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के दिशा-निर्देशानुसार क्रेडा द्वारा 83 पीएम श्री स्कूलों के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र की स्वीकृति दी गई है। 'पीएम श्री स्कूल' योजना के तहत प्रदेश के ऐसे अविद्युतिकृत स्कूल भवनों में नियमित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए ।

**74 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन-लोकार्पण**

# 500 एकड़ क्षेत्र में फैला झुमका जलाशय बनेगा पर्यटन क्षेत्र : सीएम साय

**कोरिया**

कोरिया जिले में झुमका जल महोत्सव में भाग लेने पहुंचे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर यहां 500 एकड़ क्षेत्र में फैले झुमका जलाशय की शिकारा बोट पर बैठकर बोटिंग की। यहां के प्राकृतिक सौंदर्य की संभावनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने झुमका तथा घुनघुट्टा जलाशय को पर्यटन क्षेत्र बनाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कोरिया में भी नालंदा परिसर बनाने की घोषणा की। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक श्री भइया लाल राजवाड़े भी मौजूद रहे।




झुमका जल महोत्सव में नागरिकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि झुमका जलाशय को देखकर मैंने अधिकारियों से पूछा कि क्या यह मानव निर्मित है अथवा प्राकृतिक। अधिकारियों ने बताया कि यह प्राकृतिक है। मुझे महसूस हुआ कि हमारे पुरखों ने तालाबों के रूप में कितनी सुंदर धरोहर हमें सौंपी है। इतना विशाल जलाशय उन्होंने निर्मित किया है इससे बड़े क्षेत्र में सिंचाई भी होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पुराणों में भी तालाब निर्माण को पुण्य का कार्य माना गया है। छत्तीसगढ़ में हजारों की संख्या में हमारे पुरखों ने तालाब बनवाये हैं। आज कोरिया जिले में जिस तरह से झुमका जल महोत्सव का आयोजन किया गया है वो जलसंरक्षण की हमारी पुरखों की परंपरा को बढ़ाने का सुंदर उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरिया प्राकृतिक रूप से बेहद सुंदर है और पर्यटन संभावनाओं को निखारने से यहां लोग बड़ी संख्या में पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री का दायित्व संभालने के बाद आज आपके जिले में मेरा पहला आगमन हुआ है। आप सभी ने प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी पर भरोसा करके हमारी सरकार बनाई है, इसके लिए आप सभी के प्रति धन्यवाद व्यक्त करता हूँ। छत्तीसगढ़ के लोग बहुत अच्छे हैं इसलिए कहा गया है- छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं यहां आया हूँ तो माताओं-बहनों के लिए खुशखबरी भी लाया हूँ, बुधवार (31 जनवरी 2024) को हमने कैबिनेट की बैठक में महतारी वंदन योजना के संबंध में निर्णय लिया। इसके अंतर्गत विवाहित माताओं-बहनों के खाते में जल्द ही 12000 रुपए प्रतिवर्ष आएगा। आप सभी के लिए दूसरी खुशखबरी है कि अब तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से भुगतान किया जाएगा। तीसरी खुशखबरी है कि आज यहां करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपुजन हुआ है इसके लिए आप सभी को बधाई देता हूँ। मोदी जी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में हम सब लगातार काम कर रहे हैं।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमने सरकार बनने के दूसरे दिन ही 14 दिसंबर 2023 की कैबिनेट की बैठक में 18 लाख से

# युवक को अगवा कर पीटा

**रायपुर लोकशक्ति।**

रायपुर में एक युवक के अपहरण का वीडियो सामने आया है, जिसमें बदमाश उसके कपड़े उतारकर मारपीट करता नजर आ रहा है। बदमाश युवक को धमकाते हुए बोल रहा है कि 50 हजार चाहिए, वरना तेरा गला काट दूंगा। पीड़ित युवक बिना कपड़ों के बिस्तर पर बैठा नजर आ रहा है।

मामला आमानाका थाना इलाके का बताया जा रहा है। फिलहाल वीडियो में दिख रहे पीड़ित युवक की पहचान सामने नहीं आई है। वीडियो में दिख रहा कि वो किस कदर डरा हुआ है। उसके हाथ रस्सी से बंधे हुए हैं और वह एक अंधेरे कमरे में बिस्तर पर बैठा दिख रहा है। सामने खड़ा बदमाश उसे लगातार धमका रहा है। पीड़ित बिना कपड़ों के बिस्तर पर बैठा नजर आ रहा है।

**'50 हजार चाहिए वरना गला काट दूंगा'**

वीडियो में बदमाश, युवक से कह रहा है कि मुझे 50 हजार रुपए चाहिए, वरना गला काट दूंगा। इसके बाद फोन पर पैसे मंगाने को कहता है। साथ ही उसे धमकाते हुए कहता है कि अगर उसने किसी को इस जगह की लोकेशन बताई तो वह उसे मार डालेगा। फिर बदमाश उसे किसी भी तरह की होशियारी न करने की चेतावनी देता है।

**फ्लाइट मोड पर पीड़ित का मोबाइल**

बदमाश युवक को मोबाइल पकड़ाता है और उसे नंबर डायल करने को कहता है। इसके बाद पीड़ित युवक मोबाइल से किसी को फोन मिलाने के लिए नंबर खोजता है। तभी उसे दिखता है कि उसका मोबाइल फ्लाइट मोड पर है। वह पूछता है कि ये किसने किया, तो बदमाश उसे कहता है फोन मैंने फ्लाइट मोड पर रखा है।

इस पूरी घटना के दौरान कमरे में तीसरा व्यक्ति भी मौजूद रहा, जो मोबाइल से वीडियो शूट कर रहा है। वीडियो के अंत में बदमाश गाली गलौज करते हुए पलंग पर बैठ जाता है। फिर वो तीसरे व्यक्ति से ही सिगरेट मांगता है।पूरी घटना के दौरान कमरे में तीसरा व्यक्ति भी मौजूद है।पूरी घटना के दौरान कमरे में तीसरा व्यक्ति भी मौजूद है। पुलिस के पास नहीं पहुंची शिकायत इस पूरे मामले में आमानाका थाना प्रभारी ने कहा कि थाने में अपहरण का कोई भी मामला सामने नहीं आया है।

# प्रदेश में हर जिले में वृद्धाश्रम क्यों नहीं..? हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**बिलासपुर।**

हाई कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका को लेकर केंद्र और राज्य सरकार से पूछा गया है कि बुजुर्गों के भरण पोषण और कल्याण के लिए प्रत्येक जिले में वृद्धाश्रम का संचालन क्यों नहीं किया जा रहा है, जबकि कानून में इसका प्रावधान किया गया है।



हाईकोर्ट बिलासपुर में संयुक्त ग्राम महिला संगठन, बिलासपुर की अध्यक्ष विद्या केडिया ने एडवोकेट संजय कुमार अग्रवाल के माध्यम से एक जनहित याचिका पेश की है। जिसमें बताया गया है कि देश में जरूरतमंद बुजुर्गों के भरण पोषण और कल्याण के लिए केंद्र शासन ने वर्ष 2007 में एक कानून बनाया है। इसके अनुसार हर राज्य को यह निर्देश दिया गया कि उसे प्रत्येक जिले में एक वृद्धाश्रम की स्थापना करना है, जिसमें कम से कम 150 बुजुर्ग रह सकें। इस संबंध में संसद में यह बताया गया था कि छत्तीसगढ़ में केवल 6 आश्रम ही चल रहे हैं। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविन्द वर्मा की डिवीजन बेंच में इस पर सुनवाई हुई।

**कोर्ट ने दिखाई गंभीरता**

याचिका की सुनवाई के दौरान मुद्दे को गंभीर बताते हुए कोर्ट ने प्रदेश के मुख्य सचिव, सचिव, समाज कल्याण, संचालक, समाज कल्याण और केंद्र शासन के सामाजिक न्याय विभाग के सचिव को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब मांगा है। इसकी अगली सुनवाई फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में होगी।

# ट्रेलर -पिकअप में भिड़ंत 4 की मौत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बुधवार (31 जनवरी) की रात एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायलों में 5 की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए बीजापुर जिला अस्पताल से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है. यह हादसा ट्रेलर और पिकअप वाहन के बीच हुआ है. बीजापुर -गीदम नेशनल हाईवे-163 में मिंगाचल के पास सामने से आ रही ट्रेलर ने पिकअप को जोरदार टक्कर मारी दी.जिससे पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए. इस पिकअप वाहन में 15 से अधिक लोग सवार थे. जो एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे. इधर पुलिस ने सभी मृतकों और घायलों की पहचान कर ली है और उनके परिजनों को सूचना दे दी है. पुलिस इस घटना की



जांच कर रही है. बताया जा रहा है कि ट्रेलर वाहन के ड्राइवर को भी इस हादसे में चोट आई है, जिसका इलाज जारी है.सड़क हादसे की जानकारी देते हुए नैमेड़ थाना के प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि हादसे का शिकार हुए सभी ग्रामीण बीजापुर जिले के फुलगट्टा के रहने वाले हैं. सभी बस्तर के पारंपरिक नाचा दल के सदस्य हैं, जो मुसालूर गांव में एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए हुए थे और वापस बुधवार रात पिकअप वाहन से वापस लौट रहे थे। इसी बीच नैमेड थाना के पास मिंगाचल गांव के नजदीक गीदम की तरफ से आ रहे एक ट्रेलर और पिकअप वाहन में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई.

# सड़क सुरक्षा पर आईटीएम यूनिवर्सिटी में हुआ विशेष सेमिनार




**रायपुर**

आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर ने मारुति सुजुकी ड्राइविंग स्कूल के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया। सड़क सुरक्षा सेमिनार में सड़क सुरक्षा पर दस हजार से अधिक छात्रों को संबोधित करने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में एक विशिष्ट स्थान हासिल कर चुके यातायात विभाग रायपुर से श्री टी के भोई और एमडीएस मैनेजर श्री सोनल गुप्ता गेस्ट स्पीकर के रूप में मौजूद थे। गेस्ट स्पीकर श्री टी.के. भोई ने छात्रों को सुरक्षा युक्तियाँ, यातायात नियमों व विनियमों से अवगत कराते हुए जन सुरक्षा के लिए सड़क सुरक्षा उपायों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गाड़ी चलाते समय या सड़क पर चलते समय दूसरों का सम्मान करना और उनकी सुरक्षा का ख्याल रखना सभी के लिए जरूरी है। सड़क किनारे दुर्घटनाओं, चोट और मृत्यु से बचने के लिए सड़क पर लोगों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है।

इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के 100 से अधिक छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। सड़क सुरक्षा के बारे में छात्रों के ज्ञान का आकलन करने के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गई। इसके विजेताओं को मारुति सुजुकी की ओर से हेलमेट प्रदान किया गया।

व्यावहारिक शिक्षा की दिशा में यहाँ एमडीएस मैनेजर सोनल गुप्ता और उनकी टीम ने छात्रों के लिए एक लर्नर लाइसेंस अभियान और विश्वविद्यालय के छात्रों और प्राध्यापकों के लिए मारुति सुजुकी कार का एक फ्री डेमो आयोजित किया। छात्रों ने विभिन्न मॉडलों का परीक्षण करने और उनकी विशेषताओं



और लाभों के बारे में अधिक जानने के अनुभव का आनंद लिया। आईटीएम यूनिवर्सिटी के 18 छात्रों को अत्यधिक रियायती शुल्क पर ऑन-द-स्पॉट लर्निंग लाइसेंस प्रदान किए गए। आईटीएम यूनिवर्सिटी की डायरेक्टर जनरल लक्ष्मी मूर्ति ने विवि परिसर में छात्रों के लिए आगामी कौशल-उन्मुख गतिविधियों के लिए व्यापक योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईटीएम यूनिवर्सिटी मारुति सुजुकी के सहयोग से छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए ड्राइविंग स्किल्स पर एक सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने जा रही है। सुश्री मूर्ति ने कहा, ÷हम पंजीकरण की सुविधा के लिए सर्वेक्षण करने की योजना बना रहे हैं। यह जीवन कौशल को मुख्यधारा की शिक्षा के साथ एकीकृत करने, हमारे छात्रों के लिए समग्र विकास सुनिश्चित करने का हमारा तरीका है। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग से स्फूर्ति पाठक ने किया। यह कार्यक्रम न केवल व्यावहारिक कौशल को बढ़ाने पर केंद्रित है, बल्कि एक सर्वांगीण शिक्षा प्रदान करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता के अनुरूप भी है जो छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए तैयार करती है।

# छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में प्रभारी सचिव नियुक्त

**रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए प्रभारी सचिव नियुक्त किए गए हैं। राज्य शासन द्वारा राज्य के सभी 33 जिलों के लिए अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, संचालक, विशेष सचिव, आयुक्त को जिले का प्रभार दिया गया है। संबंधित जिले के प्रभारी सचिव, जिले में संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की सतत् मॉनिटरिंग करेंगे, ताकि विकास कार्यों को गति दी जा सके। प्रभारी सचिव अपने भ्रमण के संबंध में एक संक्षिप्त टीप प्रतिमाह मुख्य सचिव को प्रस्तुत करेंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर मुख्य सचिव रेणु जी पिल्ले को धमतरी जिला का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू को दुर्ग, मनोज कुमार पिंगुआ को बिलासपुर जिला, प्रमुख



सचिव निहारिका को रायपुर जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। सचिव शहला निगार को महासमुंद, डॉ. कमलप्रीत सिंह को राजनांदगांव, परदेशी सिद्धार्थ कोमल को बलौदाबाजार-भाटापारा, प्रसन्ना आर. को कबीरधाम, अम्बलगन पी. को जशपुर जिला, अलरमेलमंगई डी. को कोरबा, आर. संगीता को रायगढ़, राजेश सुकुमार टोप्पो को नारायणपुर, एस. प्रकाश कोरिया, नीलम नामदेव एक्का सारंगढ़-बिलाईगढ़, अंकित आनंद बालोद, डा. सी. आर. प्रसन्ना बेमेतरा, भूवनेश यादव सूरजपुर, सचिव एस. भारतीदासन को मुंगेली जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। सचिव शम्मी आबिदी को कांकेर, हिमशिखर गुप्ता को गरियाबंद, मोहम्मद कैसर अब्दुल हक को गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही, यशवंत कुमार को बलरामपुर-रामानुजगंज, नरेन्द्र दुग्गा को सुकमा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी भीम सिंह को कोण्डागांव, संचालक महादेव कावरे को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, डॉ. प्रियंका शुक्ला को जांजगीर-चांपा, विशेष सचिव किरण कौशल को दंतेवाड़ा, आयुक्त डॉ. तंबोली अय्याज फकीर भाई को बस्तर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौरभ कुमार को सक्ती, विशेष सचिव सुनील कुमार जैन को सरगुजा, जयप्रकाश मौर्य को मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, सारांश मित्तर को बीजापुर और विशेष सचिव रमेश कुमार शर्मा को मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है।

# मेडिकल सेंटर को स्वास्थ्य सेवा और स्वच्छता के क्षेत्र में मिला सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय पुरस्कार

**रायपुर**

रायपुर, छत्तीसगढ़ - 19 जनवरी, 2024 - मध्य भारत के प्रमुख कैंसर अस्पताल बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी), नया रायपुर को रोगी सेवा, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए केवल दो महीने के भीतर दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए।



व्यापक कैंसर देखभाल के माध्यम से 'रोगी सेवा वितरण में उत्कृष्टता' में योगदान के लिए सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस पुरस्कार मान्यता प्राप्त हुआ। प्रमुख पहलों में शामिल हैं:

**ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क जांच शिविर जागरूकता के लिए मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन**
**सुख सराय - कैंसर रोगियों के लिए आवास सुविधा**
**कैंसर रोगियों के लिए निःशुल्क पिक-अप/ड्रॉप**
**बादाम और न्यूट्रीबार के साथ निःशुल्क उच्च-प्रोटीन आहार**
**उपचार लागत का समर्थन करने के लिए बीएमसी चैरिटेबल फंड**

यह पुरस्कार 09 दिसंबर, 2023 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज, मुंबई में भारत सरकार के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे की सम्मानित उपस्थिति में प्रदान किया गया।

बालको मेडिकल सेंटर को स्क्ब्थ्क 2023 में स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण चैंपियन के रूप में भी मान्यता दी गई है, जो व्यापक स्वास्थ्य देखभाल को आगे बढ़ाने के लिए अपने समर्पण पर जोर देता है7 यह पुरस्कार 07 दिसंबर, 2023 को पीएमएमएल, तीन मूर्ति सभागार, नई दिल्ली में प्रदान किया गया।

बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने कहा, हमें दी गई मान्यता से हम कृतज्ञ हैं। इस तरह की स्वीकृतियां न केवल बीएमसी में प्रत्येक को प्रेरित करती हैं, बल्कि आत्म-सुधार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी बढ़ावा देती हैं। सामर्थ्य और उपलब्धता, बालको मेडिकल सेंटर के अंतिम दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करती है। 'रोगी सेवा वितरण में उत्कृष्टता' जैसी परियोजनाओं के माध्यम से, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि स्वास्थ्य देखभाल एक विशेषाधिकार नहीं बल्कि सभी व्यक्तियों के लिए एक मौलिक अधिकार है, चाहे उनकी परिस्थितियाँ कुछ भी हों।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**
**निविदा सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 201/151802 | CONSTRUCTION OF BORID TO CHANDIMANDIR APROACH ROAD I/C CULVERTS, LENGTH 0.90 KM, DIST.- RAIPUR | रू. 165.82 लाख |
| 197/152295 | UMARIYA MOD TO PARSADA APPROACH ROAD, LENGTH-1.200 K.M. UNDER SUB DIVISION NO. 4 (ARANG) RAIPUR | रू. 148.15 लाख |
| 208/152301 | HOUSE KEEPING WITH MECHANISED CLEANING HOUSE KEEPING & HYGIENE MAINTENANCE WORK AT P.W.D. NEW CIRCUIT HOUSE & CONVENTION HALL BUILDING WITH COMPLETE CAMPUS AT CIVIL LINES, RAIPUR (C.G.) | रू. 35.589 लाख |

**निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 18.02.2024 समय सायं 5:30 बजे तक**

सभी सक्षम एवं उपयुक्त निविदाकार उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी देखने एवं उपलोड करने हेतु ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल – **https://eproc.cgstate.gov.in** पर इंरोल कर निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्रं.–1
रायपुर (छ.ग.)

G-07481/5

# डीजीपी एवं टीम पहुंचे टेकुलगुडेम कैम्प

सुकमा

पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ अशोक जुनेजा, अतिरिक्त महानिदेशक सीआरपीएफमध्य जोन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल अभियान, पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज एवं महानिरीक्षक सीआरपीएफ व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा जिला सुकमा के टेकलगुड़ेम कैम्प पहुंचे एवं जवानों से मुलाकात की। जहां वह जवानों से रूबरू हुए, वहीं घटना के बारे में वास्तविक जानकारी भी ली। जवानों ने इस हमले में कई नक्सलियों के मारे जाने की बात भी कही है। अभियान में शामिल जवानों से बातचीत करने पर यह पता चला कि नक्सलियों के बटालियन नंबर एक के द्वारा जवानों को भारी नुकसान पहुंचाने की नियत से मंगलवार को हमला किया गया था। जवानों की बहादुरी, सूझबूझ एवं समझदारी से करीबन चार घंटे तक चली इस मुठभेड़ में सात से आठ नक्सलियों को मारे जाने और करीबन 15-16 नक्सलियों के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी जवानों को



**जवानों से ली घटना की जानकारी**

मिली।मुठभेड़ में शामिल और नवीन कैंप टेकलगुड़ेम में तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारियों का अधिकारियों द्वारा हौसला अफ्जाई किया गया। वहीं पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ अशोक जुनेजा द्वारा बताया गया कि क्षेत्र की जनता को नक्सल समस्या से मुक्ति दिलाने, क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं विकास हेतु बस्तर पुलिस एवं तैनात सुरक्षा बल संकल्पित है। घटना के बाद भी पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा मजबूती से टेकलगुड़ेम गांव में नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित कर समर्पित होकर जनहित में कार्य करते रहेंगे। जानकारी के लिए बता दें कि 30 जनवरी को

जिला सुकमा के थाना जगरगुण्डा अंतर्गत ग्राम टेकलगुड़ेम में नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाओं से लाभ के लिए 30 जनवरी को नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित किया गया है। नवीन कैम्प टेकलगुड़ेम स्थापना के बाद जोनागुड़ा-अलीगुड़ा क्षेत्र में संयुक्त पुलिस बल जिसमें कोबरा/एसटीएफ/डीआरजी द्वारा सर्चिंग कार्यवाही के दौरान नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी पर फायरिंग की गई। पुलिस पार्टी द्वारा भी नक्सली की फायरिंग का मुहतोड़ जवाब देते हुये जवाबी कार्रवाई की। जिससे सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव को देखकर नक्सली सघन जंगल-पहाड़ का आड़ लेकर भाग गये।

इसके अलावा 30 जनवरी को जिला सुकमा के नक्सल घटना में शहीद हुये जवानों को जिला बस्तर के कोबरा कैम्प करनपुर में आयोजित सलामी/श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप एवं पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ अशोक जुनेजा, अतिरिक्त महानिदेशक सीआरपीएफ अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा, पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी, महानिरीक्षक सीआरपीएफसाकेत कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# वन भूमि पर कब्जा करने वाले 50 को जेल

कोरबा

वन भूमि पर कब्जा करने के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। कब्जाधारियों ने 50 से अधिक पेड़ों की बलि चढ़ा दी। ऐसे लोगों पर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ग्रामीणों ने साल और मिश्रित प्रजाति के 52 पेड़ों की कटाई कर दी । मामले में जांच उपरांत आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। उन्हें न्यायालय में पेश करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है।



यह मामला कटघोरा वन मंडल के वन परिक्षेत्र एतमानगर का है. दरअसल वन मंडला अधिकारी कुमार निशांत को वन भूमि पर कब्जा करने पेड़ कटाई की सूचना मिली थी ।डीएफओ ने तस्दीक उपरांत कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए थे. उनके निर्देश पर उप मण्डला अधिकारी संजय त्रिपाठी ने जांच के लिए रेंजर देवदत्त खांडे के नेतृत्व में टीम गठित की. जब टीम तस्दीक के लिए गुरसियां के कक्ष क्रमांक पी 457 औराईनाला और पटपरपानी नामक स्थान पर पहुंची तो सूचना सही मिली. टीम को जांच के दौरान साल सहित मिश्रित प्रजाति के 52 पेड़ों की कटाई किए जाने की बात सामने आई. इन पेड़ों की कटाई में अतिक्रमण के उद्देश्य से रावण भाटा निवासी वीरसाय धनुहार व इतवार सिंह बिंझवार के हाथ होने की जानकारी मिली. पेड़ों की कटाई से शासन का करीब ?1 लाख की क्षति हुई थी।

# उद्यमियों और करदाताओं की सुविधा के लिए इज ऑफ डूइंग कक्ष स्थापित

**वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी की पहल पर जीएसटी भवन में शुरू हुआ इज ऑफ डूइंग कक्ष**

**उद्योग, व्यवसाय स्थापित करने की जानकारी के साथ ही प्रशिक्षण, सेमीनार भी होंगे आयोजित**

रायपुर

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर राज्य कर मुख्यालय रायपुर में उद्यमियों, व्यवसायियों और करदाताओं की सुविधा की दृष्टि से इज ऑफ डूइंग बिजनेस कक्ष बनाया गया है। राज्य कर मुख्यालय में आने वाले व्यवसाइयों तथा करदाताओं को इस कक्ष में कई सहूलियतें मिलेगी। नए व्यवसाइयों को जीएसटी रजिस्ट्रेशन में जो दिक्कतें आती हैं उसके भी निराकरण का काम यह कक्ष करेगा। इस कक्ष का प्रभार संयुक्त आयुक्त राज्य कर को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ सौंपा गया है। इज ऑफ डूइंग बिजनेस कक्ष में मुख्य रूप से व्यवसायियों, करदाताओं, व्यवसायिक संगठनों की सुविधा के लिए प्रशिक्षण, सेमीनार, कार्यशालाएं आयोजित होगी। नया उद्योग व्यवसाय प्रारंभ करने, करो के संबंध में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर एवं विभिन्न अनुमतियां आदि से संबंधित कार्य भी होंगे। इसी तरह इज ऑफ डूइंग बिजनेस के कार्यों में चिन्हित बड़े कर दाताओं, कंपोजिशन करदाताओं आदि के लिए 'ग्रीन कॉरिडोर' परियोजना की रूप रेखा तैयार करना और विभाग द्वारा उद्योग और व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों का प्रचार-प्रसार एवं करदाता जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित करना शामिल है। इसके अलावा विभाग के सोशल मीडिया पर उपस्थिति हेतु वेब पेज, एप्लीकेशन तैयार करना व उसे अद्यतन रखना है।

# छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री ने सभी जिलों में नवोदय व केंद्रीय विद्यालय शुरू करने की मांग की

रायपुर

छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा व कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाक़ात की। इस दौरान उन्होंने केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं के बजट में वृद्धि की मांग के साथ ही छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में नवोदय विद्यालय व केंद्रीय विद्यालय शुरू किए जाने का अनुरोध किया।



शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि केंद्र की योजनाएँ समग्र शिक्षा, पीएम योजना, मध्यान भोजन आदि में केंद्र व राज्य की हिस्सेदारी 40:60 प्रतिशत है। कई वर्षों से बजट के विभिन्न उपमदों के लिए निर्धारित दर में वृद्धि नहीं किए जाने से राज्य सरकार को दिक्कतें आ रही हैं। अग्रवाल ने महंगाई को देखते हुये स्कूली बच्चों को निशुल्क प्रदान किये जाने वाले गणवेश की लागत राशि बढ़ाने की मांग की। इसके साथ ही पीएम योजना के अंतर्गत विगत दो वर्षों में विकसित हुये शालाओं को बेंचमार्क शालाओं के रूप में चयन का अवसर प्रदान करने व उच्चतर माध्यमिक शाला को बेंचमार्क के रूप में शामिल करने का आग्रह किया। मंत्री अग्रवाल ने समग्र शिक्षा के अंतर्गत लइका संवार योजना हेतु 2606 लाख रुपये स्वीकृत करने तथा आरटीई के तहत पूर्व प्राथमिक में प्रवेशित बच्चों के शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति के साथ ही योजना की 110.86 करोड़ की राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया। शिक्षा मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से 16 जिलों में नवोदय विद्यालय व केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत है। उन्होंने शेष सभी जिलों में नवोदय व केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत करने की मांग की। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री से प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) का पोर्टल राज्य के लिए दोबारा खुलवाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इस योजना के सभी घटकों में प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित थी, लेकिन प्रदेश के महाविद्यालय का स्टाफ विधानसभा चुनाव में संलग्न होने के कारण प्रस्ताव नहीं प्रस्तुत कर सके।

## रविवि का दीक्षांत समारोह 20 फरवरी को

रायपुर। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का सत्ताईसवाँ दीक्षांत समारोह आगामी 20फरवरी को आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है, स्वर्ण पदक विजेता,शोध उपाधि एवं प्रवीण्य सूची के टॉपर्स निर्धारित प्रपत्र में 10 फरवरी तक आवेदन कर सकते



हैं।इस समारोह में सत्र 2022 - 2023की विभिन्न परीक्षाओं में प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से अलंकृत किया जायेगा। इसी तारतम्य में विभिन्न दानदाताओं के नाम से स्थापित स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे।इस बार दीक्षांत समारोह में 160 गोल्ड मेडल, 80 पीएचडी

# महापौर मिले कलेक्टर से, राशन कार्ड नवीनीकरण की समस्या को दूर करने की अपील



रायपुर

महापौर एजाज ढेबर ने एमआईसी सदस्य ने कलेक्टर गौरव कुमार सिंह से चर्चा कर उन्हें वर्तमान में शासन के आदेशानुसार जारी राशन कार्ड नवीनीकरण अभियान में सर्वर डाउन की आ रही तकनीकी समस्या से हो रही जनअसुविधा को ओर ध्यान आकृष्ट करवाया. महापौर एजाज ढेबर सहित एमआईसी सदस्यों, पार्षदगणों ने रायपुर जिला कलेक्टर गौरव कुमार सिंह से नगर पालिक निगम रायपुर के वार्डों में शिविर लगाकर नागरिकों के राशन कार्ड का नवीनीकरण करवाने की सुविधा देने का अनुरोध किया है. महापौर ने जिला कलेक्टर से राशन कार्ड नवीनीकरण की प्रक्रियाओं की सरल जानकारी जनसुविधा की दृष्टि से देने नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन में शीघ्र सभी 70 वार्ड पार्षदगणों की बैठक बुलवाने का जनहित में अनुरोध किया है. महापौर श्री एजाज ढेबर ने एमआईसी सदस्यों, पार्षदगणों सहित रायपुर जिला कलेक्टर गौरव कुमार सिंह से रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्रों के नियमितीकरण करवाने प्राप्त किये गये लगभग 5000 से अधिक आवेदनों का शीघ्र नियमितीकरण करवाकर सभी प्राप्त किये गये आवेदनों का नियमानुसार जनहित में निदान करवाने का अनुरोध किया है>

# थिएटर प्ले में ड्रग्स एडिक्शन, एसिड अटैक और मोबाइल एडिक्शन के जरिये दिया संदेश..

**रायपुर** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में चल रहे सात दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव के चौथे दिन मोनो प्ले में एस.आर.यू की निहारिका चार्दे ने गोल्ड और यीशू साहू ने सिल्वर मैडल जीता, और ग्रुप प्ले में विषय ÷एसिड अटैक ,भारत में रेप केस और मोबाइल मेरी जिंदगी÷ के जरिये समाज को जागरूक करने का प्रयास किया ।थिएटर प्ले में कुल 19 परफॉरमेंस में से मोबाइल एडिक्शन को लेकर ÷मोबाइल मेरी जान÷ सबका आकर्षण बना जिसमे यह बताया गया की हम वास्तविक दुनिया से दूर होकर काल्पनिक और तकनिकी दुनिया के करीब हो गए हैं ।



तत्कालीक भाषण में कुल 12 प्रतिभागियों में से आदर्श विद्यार्थी पर अजय भास्कर,-द्व वरदान या अभिशाप पर तम्मान्ना और छात्र शक्ति और राष्ट्र शक्ति पर गौरांचल शर्मा शीर्ष स्थान प्राप्त किया । नृत्य प्रतियोगिता के अंतिम दिन में कुल 33 परफॉरमेंस में से 13 सोलो और 20 ग्रुप डांस हुए । विशेष प्रस्तुति मराठी लावणी में हाली क्रॉस पेंशन बाड़ा स्कूल की रुद्रंशी साहू ने परफॉरम किया। स्कूल गर्ल्स बैडमिंटन सिंगल प्रतिस्पर्धा में भारतमाता स्कूल रायपुर की अनन्या टोप्पो ने अर्शी सैनी को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्कूल बॉयज बैडमिंटन डबल्स में सिद्धार्थ हायर सेकेंडरी स्कूल अंबिकापुर के सौर्य प्रताप सिंह और वैभव जयसवाल विजेता बने। तथा कैरम प्रतिस्पर्धा में नावेद खान (गवर्नमेंट पंडित जवाहरलाल नेहरू आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज बेमेतरा) और अंडर 19 वर्ग में मयंक वर्मा (ध्यान अकादमी एचआर सेकेंडरी स्कूल गुढ़ियारी ,रायपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।बास्केट बॉल अंडर -19 गर्ल्स का फाइनल बालाजी विद्या मंदिर बनाम स्वामी आत्मानंद शहीद स्मारक एक्सीलेंस स्कूल रायपुर के मध्य हुआ जिसमे बालाजी विद्या मंदिर रायपुर विजेता बनी और अंडर -19 बॉयज के फाइनल में भी बालाजी विद्या मंदिर रायपुर ने जीत दर्ज की।इसी तरह वॉलीबॉल अंडर -19 गर्ल्स फाइनल (स्कूल) में सेंचुरी सीमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, रायपुर बनाम गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, नवापारा, सिमगा, बलौदाबाजार के मध्य फाइनल मैच खेला गया जिसके विजेता सेंचुरी सीमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, रायपुर रहे और वॉलीबॉल कॉलेज लेवल गर्ल्स फाइनल राजकीय दूधाधारी बजरंग कॉलेज, रायपुर और श्री शारीरिक शिक्षा, न्यू रायपुर के मध्य खेला गया जिसमे शासकीय दूधाधारी बजरंग कॉलेज, रायपुर ने अपना परचम लहराया।श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस.के. सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने सभी विजेताओ और प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट प्रभारी सुशांत मिश्रा कोरबा पहुँचे



**रायगढ़ से खरसिया, खरसिया से सक्ती, सक्ती से कोरबा और कोरबा से कटघोरा के मार्गों का जायजा लिया - विकास**

रायपुर

ओड़िसा से छत्तीसगढ़ प्रवेश कर रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ प्रदेश के मार्ग/रूट समिति के चेयरमैन विकास उपाध्याय आज रायगढ़ से खरसिया, खरसिया से सक्ती, सक्ती से कोरबा और कोरबा से कटघोरा के मार्गों का जायजा लेने कोरबा में बातचीत की। जिसके बाद मार्ग/रूट का अवलोकन कर पूरी तरह दशा और दिशा का मुआयना भी किये। कोरबा में छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल जी, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, महामंत्री अशोक मिश्रा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, सक्ती जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल, सपना चौहान, सभापति श्याम सुंदर सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष सतेन्द्र वसन्त, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, प्रदेश सचिव उषा तिवारी, जिला सचिव मुन्ना साहू, बंटी शर्मा उपस्थित थे। एआईसीसी सचिव विकास उपाध्याय ने कहा हमारी टीम राहुल गांधी जी की इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी एवं इस न्याय यात्रा में छत्तीसगढ़ प्रदेश से समस्त आमजन व कांग्रेस के साथीगण सम्मिलित होने का प्रयास करेंगे। जिसके लिए उन्हें मिली जिम्मेदारी को वे पूर्ण कर्तव्य व निष्ठा से निभायेंगे।

# आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को मिलेगी सरकारी नौकरी- छत्तीसगढ़ पुलिस

राजनांदगांव

प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए नक्सलवाद को खत्म करना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए पुनर्वास योजना संचालित की गई है। जिसके तहत आत्मसमर्पित नक्सिलयों को शासकीय योजनाओं का लाभ एवं योग्यतानुसार सरकारी नौकरी देकर उन्हें समाज के मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। नक्सलियों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पुलिस प्रशासन ने मुहिम चला रही है । इसी कड़ी में पुलिस टीम गांव-गांव पहुंच रही है। जहां इन नक्सलियों के नाम पर्चा लगाया जा रहा है। पुलिस अतिसंवेदनशील गांवों, नक्सलियों के निवास स्थान और मूवमेंट हिस्सों में ऐसा पर्चा लगा रही है। इसके अलावा अति



संवदेनशील हिस्सों में भी पर्चा फेंका जा रहा है। ताकि नक्सलियों तक पुलिस की अपील पहुंच सकें। वे विचार करें और आत्मसमर्पण के लिए आगे आएं। पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। हर हिस्से में ऐसे पर्चे लगाने की तैयारी की गई है।

बता दें कि एमएमसी जिले में लंबे समय से युवाओं ने नक्सल संगठन का सहयोग बंद कर दिया है। नक्सलियों के संगठन में कोई भर्ती भी नहीं हो रहा। इससे संगठन लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है। ऐसे में नक्सली अब ग्रामीणों को बरगलाने कई तरह की हरकतें कर रहे हैं। भ्रम फैलाकर ग्रामीणों को शासन-प्रशासन के खिलाफ तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें कुछ स्थानीय लोग ही नक्सलियों की मदद कर रहे हैं। जिन्हें भी पुलिस चिन्हित कर रही है। वहीं इलाके में सक्रिय नक्सलियों को अब सीधे आत्मसमर्पण करने की अपील की जा रही है।

0000

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)